Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 209 | गुरूवार, 31 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### पीओके आपने दिया, लेकिन लेने का काम हम करेंगे

# गृह मंत्री बोले- हमारा नेतृत्व ब्रह्मोस भेजता है, डोजियर नहीं

नई दिल्ली।

अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर यह कांग्रेस के राज में हुआ होता, तो विदेश मंत्रालय बयान जारी करता। हम ब्रह्मोस मिसाइल भेजते हैं, डोजियर नहीं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने देश पर सबसे लंबे समय तक शासन किया, लेकिन प्रमुख सुरक्षा खतरों पर कार्रवाई करने में विफल रही।



**कांग्रेस पर निशाना साधा**

गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निणार्यक ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल पर विशेष चर्चा में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) पाकिस्तान को दिया लेकिन भाजपा सरकार उसे वापस लेगी। पहलगाम हमले पर बोलते हुए शाह ने कहा कि इस तरह के बर्बर अपराध कभी नहीं हुए, जहां लोगों को महिलाओं, बच्चों के सामने मारने से पहले उनका धर्म पूछा गया। उन्होंने कहा कि पहले हम सिर्फ डोजियर भेजते रहे, लेकिन नरेंद्र मोदी ने उन्हें (पाकिस्तान को) एयरस्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया...खौफ पैदा हो गया। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर यह कांग्रेस के राज में हुआ होता, तो विदेश मंत्रालय बयान जारी करता। हम ब्रह्मोस मिसाइल भेजते हैं, डोजियर नहीं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने देश पर सबसे लंबे समय तक शासन किया, लेकिन प्रमुख सुरक्षा खतरों पर कार्रवाई करने में विफल रही। उन्होंने कहा, ₹हमें आतंकवाद, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद का सामना करना पड़ा - और उन्होंने कुछ नहीं किया।₹ शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कोई घोषित युद्ध नहीं था, बल्कि भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के तहत एक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने युद्धविराम की भीख माँगी और हमने रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप थी। अमित शाह ने संसद में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और उस पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

# दिल्ली-एनसीआर में कल से लगातार हो रही है बारिश



नई दिल्ली।

दिल्ली में अगले पांच दिनों तक बरसात का मौसम रहने वाला है। कल दोपहर से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रुक-रुक कर एनसीआर में अभी तक जारी है। सुबह जोरबाग इलाके में बारिश की खबर है।

दिल्ली-एनसीआर में कल दोपहर से रुक-रुक कर बारिश का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह जारी है। दिन के बाद कल रात 10 बजे के बाद से शुरू हुई बारिश अभी तक जारी है। एनसीआर में जमकर बारिश हो रही है। इससे दो दिन की गर्मी और उमस कम हुई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक बारिश की बात कही है। दिल्ली-एनसीआर में रात भर बारिश रुक-रुक कर होती रही। लगातार बारिश के कारण अधिकांश सड़कों के किनारे पानी जमा हो गया है। इससे दिन निकलते ही सड़कों पर जाम की आशंका है। आज सुबह जोरबाग और कनॉट प्लेस इलाके में झमाझम बारिश की खबर है। नोएडा और आसपास के इलाकों में भी बारिश चल रही है। राजधानी में कल शाम 5 बजे जमकर बादल बरसे। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। जगह-जगह लोग बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में शाम 5:30 बजे तक सफदरजंग मानक केंद्र में 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह होंगे अगले उप सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह एक अगस्त को अगले उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वह लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि का स्थान लेंगे। इसके अलावा नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन पश्चिमी नौसैन्य कमान के अगले फ्लैग आफिसर कमाडिंग-इन-चीफ होंगे। उन्होंने एक मई 2024 को नौसेना उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगले नौसेना उप प्रमुख बनने वाले वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन एक अगस्त को कार्यभार संभालेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह एक अगस्त को अगले उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं जनरल सिंह लेफ्टिनेंट जनरल सिंह भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं।

## निठारी कांड में पंधेर और कोली को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से सीबीआई और निठारी कांड के पीड़ितों को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने निठारी कांड के अभियुक्त मोनिंदर सिंह पंधेर और सुरेंद्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए सीबीआइ और शिकायतकताओं की ओर से दाखिल सभी 14 अपीलें बुधवार को खारिज कर दीं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद निठारी कांड लगभग खत्म हो गया है, क्योंकि सिर्फ एक मामले में सुरेंद्र कोली को उम्रकैद की सजा मिली है, जो वह काट रहा है।

# संसद में गूंजा ननों की रिहाई का मुद्दा

नई दिल्ली।

लोकसभा में केरल के कांग्रेस सदस्यों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में कथित मानव तस्करी और जबरन मतांतरण के आरोप में जेल में बंद दो कैथोलिक ननों की रिहाई के लिए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। शून्यकाल में यह मामला उठाते हुए कांग्रेस सदस्य केसी वेणुगोपाल, के. फ्रांसिस जार्ज, के. सुरेश और हिबी ईडन ने इस घटना को "बेहद परेशान करने वाला और चौंकाने वाला" बताया क्योंकि 'नन निर्दोष थीं और कैंसर रोगियों को उपचारात्मक देखभाल प्रदान करके सामाजिक कार्य कर रही थीं।' इस मुद्दे पर राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं के विरोध-प्रदर्शन की विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र जैन ने निंदा की है और आरोप लगाया है कि कानून बनाने वाले ही कानून तोड़ने वालों को बचाने के लिए उनके साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि प्रीति मेरी और वंदना फ्रांसिस के साथ सुकमन मंडावी को 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल के एक स्थानीय कार्यकर्ता की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था।



### केरल भाजपा प्रमुख के बयान से नाराजगी

केरल में संघ के एक प्रमुख संगठन 'हिंदू ऐक्य वेदी' ने केरल भाजपा प्रमुख राजीव चंद्रशेखर के इस बयान पर नाराजगी जताई है कि गिरफ्तार की गईं नन किसी मानव तस्करी या जबरन मतांतरण के प्रयास में शामिल नहीं थीं।

# गोड्डा से अजमेर के लिए साप्ताहिक नई रेलसेवा का संचालन

अजमेर।

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दौराई (अजमेर)-गोड्डा-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। यह रेल सेवा नियमित गाड़ी संख्या 19603/19604, दौराई (अजमेर)-गोड्डा-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक नई रेल सेवा के रूप में संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19603, दौराई (अजमेर)-गोड्डा साप्ताहिक रेल सेवा दिनांक 03.08.25 से दौराई से प्रत्येक रविवार को 15.30 बजे रवाना होकर सोमवार को 22.20 बजे गोड्डा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19604, गोड्डा-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक रेल सेवा 05.अगस्त 25 से गोड्डा से प्रत्येक मंगलवार को 05.00 बजे रवाना होकर बुधवार को 17.20 बजे दौराई पहुंचेगी। यह रेल सेवा मार्ग में अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, सुबेदारगंज, मिजार्पुर, चुनार, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, हंसडीहा व पोडैयाहाट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।



## तमिलनाडु में मालगाड़ी से भिड़ गई थी बागमती एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कवराईपेट्टई स्टेशन पर 11 अक्टूबर, 2024 को मैसूरु-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस की दुर्घटना का कारण साजिश बताया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि बदमाशों द्वारा ट्रैक इंटरलॉकिंग सिस्टम में तोड़फोड़ की गई थी। दक्षिणी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) एएम चौधरी ने कहा कि जांच में पाया गया है कि बागमती एक्सप्रेस और खड़ी मालगाड़ी के बीच टक्कर किसी उपकरण के अचानक विफलता के कारण नहीं हुई।

# राहुल गांधी बेंगलुरु में 'वोट चोरी' के विरोध में करेंगे प्रदर्शन

बेंगलुरु।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'वोट चोरी' के विरोध में पांच अगस्त को बेंगलुरु में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे और यहां निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को दी। राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया था कि उनकी पार्टी ने कर्नाटक के एक लोकसभा क्षेत्र का अध्ययन करके यह पता लगाया है कि किस प्रकार 'वोट चोरी' की जाती है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जारी विवाद के बीच राहुल ने 23 जुलाई को आरोप लगाया था कि भारत में वोटों की चोरी हो रही है और दावा किया था कि उनकी पार्टी ने पता लगा लिया है कि ये कैसे किया जा रहा है। वहीं, राहुल गांधी के आरोप को भाजपा ने हास्यास्पद बताते हुए कहा कि अगर इसमें दम होता तो कर्नाटक में कांग्रेस विपक्ष में बैठी होती। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गुमराह किया गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री को चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया पर संदेह जताने के लिए राज्य के मतदाताओं से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के निर्देश पर यूथ कांग्रेस ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिला में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी में अपने माता-पिता को खोने वाले 30 बच्चों को पढ़ाई के लिए 40-40 हजार रुपये के चेक प्रदान किए। कुल 12 लाख की राशि दी गई।



# सफदरजंग अस्पताल के गलियारे में भरा बारिश का पानी



**नई दिल्ली।** इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वीडियो में गलियारे में भरे पानी के बीच से लोग होकर जाते दिखाई दे रहे हैं। सफदरजंग अस्पताल के गलियारे में बरसात का पानी भर जाने से मरीजों और तीमारदारों को आवाजाही में मुश्किल हुई। इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वीडियो में गलियारे में भरे पानी के बीच से लोग होकर जाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो एच ब्लॉक का है। बरसात का पानी ब्लॉक के मनोचिकित्सक विभाग के वार्ड नंबर 41 के सामने के गलियारे में जमा हुआ। वायरल वीडियो में लोग सरकारी अस्पताल की बदहाली और गंदा पानी होने को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते कुछ समय के लिए जलभराव हो गया था लेकिन बाद में उसे साफ कर दिया गया। इससे सामान्य कामकाज में कोई बाधा नहीं हुई। राजधानी में बारिश के दौरान हुए जलभराव के विरोध में आप ने बुधवार को सिविक सेंटर स्थित मेयर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान आप पार्षदों ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एमसीडी को घेरा।

**जलभराव के विरोध में आप का प्रदर्शन**


उन्होंने सड़कें जलमग्न होने और गलियों में पानी भरने की स्थिति को एमसीडी की लापरवाही का नतीजा बताया। पार्षदों ने कहा कि एमसीडी हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन जमीनी हकीकत इससे ठीक उलट है। उन्होंने मेयर राजा इकबाल सिंह से तत्काल जलभराव से प्रभावित इलाकों में राहत कार्य शुरू करने व ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कराने की मांग की।

# पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ का बड़ा षड्यंत्र विफल, दो आंतकी ढेर

पुंछ।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के गुलपुर सेक्टर में एलओसी पर पाकिस्तान की तरफ से की जा रही आतंकी घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को सतर्क सुरक्षाबलों ने नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया।

उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और अन्य साजो-सामान बरामद किया गया। मंगलवार मध्य रात्रि को इस घटना के बाद बुधवार सुबह सेना, पुलिस के एसओजी के दल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने नियंत्रण रेखा के साथ सटे क्षेत्रों की घेराबंदी कर बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चला रखा है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, गुलपुर सेक्टर के कोसलिया क्षेत्र में दो से तीन आतंकियों का एक दल नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की फिराक में था। जैसे ही घुसपैठियों ने नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में कदम रखा तो पहले से सतर्क सुरक्षाबलों के जवानों ने उन्हें ललकारते हुए आत्मसमर्पण करने को कहा। नियंत्रण रेखा के नजदीक घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया इस पर घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और वापस पाकिस्तान की तरफ भागने की कोशिश की। भारतीय सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो घुसपैठियों को मार गिराया और एक अन्य के घायल होने की आशंका है। इसी को लेकर सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के नजदीक घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया।



### बढ़ाई गई सतर्कता

इस समय पुंछ जिले में बाबा बुड्ढा अमरनाथ यात्रा चल रही है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु भाग लेने आ रहे हैं। इसके चलते सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। इस घटना के बाद नियंत्रण रेखा से लेकर पुंछ नगर तक और सतर्कता बढ़ा दी गई है, ताकि दुश्मन देश या आतंकी संगठन यात्रा में किसी प्रकार का खलल न डाल सकें।

## संपादक की कलम से

# प्रमाण पत्र को लेकर सबसे बड़ा विवाद

मतदाता पहचान पत्र तो चुनाव आयोग की निगरानी में ही बनते हैं, फिर उन्हें भरोसे का दस्तावेज क्यों नहीं माना जा रहा? फिर आयोग की सूची में जिस आवासीय प्रमाणपत्र को जगह दी गई, उसकी हालत यह है कि बिहार के मसौढ़ी से एक कुत्ते के नाम पर निवास प्रमाण पत्र जारी करने की खबर आई। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक ढांचा है, जिसकी शक्ति निष्पक्ष चुनाव और जन-भागीदारी में निहित है। चुनाव आयोग इस व्यवस्था का आधार है, जो हर नागरिक के स्वतंत्र और स्वेच्छा से मतदान करने के अधिकार की रक्षा करता है। मगर इसकी कार्यप्रणाली पर ही अगर मतदाताओं को संशय होने लगे तो स्पष्टता की मांग स्वाभाविक है। बिहार में कुछ माह बाद विधानसभा चुनाव होने हैं और निर्वाचन आयोग ने वहां मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है, जिसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा विवाद आयोग की ओर से तय किए गए नागरिकता के प्रमाण पत्रों को लेकर है, जिनमें आधार और मतदाता पहचान पत्र मान्य नहीं बताया गया। इससे मतदाताओं में असंतोष पैदा हुआ। विपक्षी दल भी चुनाव आयोग के इस कदम का विरोध कर रहे हैं। विवाद इतना बढ़ा कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। याचिकाकताओं की ओर से दी गई दलील के आधार पर शीर्ष अदालत को भी कहना पड़ा कि अगर विशेष गहन पुनरीक्षण में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस प्रक्रिया के दौरान राज्य में पंजीकृत पैंसठ लाख लोगों ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मृत हैं या स्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित हो गए हैं। यानी अगर इन लोगों की ओर से आने वाले दिनों में कोई आवेदन दायर नहीं किया जाता है, तो उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जा सकता है। हालांकि, आयोग कह चुका है कि मतदाता सूचियों में बड़ी संख्या में फर्जी नामों का पंजीकरण है, जिसे दुरुस्त करना जरूरी है और यह प्रकिया देश भर में चलाई जाएगी। मगर सवाल इस प्रकिया के समय और बिहार से इसकी शुरूआत करने को लेकर भी है। विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक संगठनों की दलील है कि चुनाव से ठीक पहले यह कदम उठाना अनुचित है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि जो लोग किसी कारणवश अपनी नागरिकता का वैध दस्तावेज समय पर नहीं दे पाएंगे, वे मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले पर पहले सुझाव दिया था कि चुनाव आयोग को इस प्रकिया में नागरिकता प्रमाण पत्र के रूप में आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को भी शामिल करने पर विचार करना चाहिए। अब आयोग की दलील है कि वह पहचान के उद्देश्य से आधार और मतदाता पहचान पत्र का उपयोग कर रहा है, लेकिन ये दोनों नागरिकता का प्रमाण नहीं हैं और इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ऐसे में यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि जब किसी बैंक में खाता खुलवाने से लेकर रसोई गैस के लिए पंजीकरण के वास्ते आधार अनिवार्य है, तो वह नागरिकता की प्रमाणिकता के लिए वैध दस्तावेज क्यों नहीं है? मतदाता पहचान पत्र तो चुनाव आयोग की निगरानी में ही बनते हैं, फिर उन्हें भरोसे का दस्तावेज क्यों नहीं माना जा रहा? फिर आयोग की सूची में जिस आवासीय प्रमाणपत्र को जगह दी गई, उसकी हालत यह है कि बिहार के मसौढ़ी से एक कुत्ते के नाम पर निवास प्रमाण पत्र जारी करने की खबर आई। ऐसे में किस प्रमाणपत्र को सबसे विश्वसनीय माना जाएगा? यह सच है कि देश में चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया जरूरी है। मगर इस प्रक्रिया की जटिलता से कोई योग्य मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न हो, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी चुनाव आयोग पर ही है।




ललित शर्मा
संपादक

# एआई का विस्तार या नौकरी का संकुचन: बड़ी चुनौती

भारत जैसे युवाओं वाले और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश में तकनीकी विकास के प्रति उत्साह हमेशा गहरा रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकें समाज, राष्ट्र और अर्थव्यवस्था में तीव्र बदलाव की सारथि बनी हैं। हर वर्ग और क्षेत्र ने इस परिवर्तन को आशा एवं सकारात्मकता के साथ अपनाया है, इस उम्मीद में कि तकनीकी तरक्की के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लेकिन हाल ही में आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया और इसे बड़ा झटका दिया है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दशार्ता है। छंटनी बाबत टीसीएस की दलील है कि इन नौकरियों में कटौती कौशल की कमी और अपने विकसित होते व्यावसायिक मॉडल में कुछ कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने में असमर्थता के चलते की गई है। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दावा है कि इस कदम के पीछे एआई से प्रेरित उत्पादकता वृद्धि नहीं है। यह संख्या कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग 2 प्रतिशत है, और मुख्यतः मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी। एआई और ऑटोमेशन केवल तकनीक नहीं हैं, वे कार्य संस्कृति, संगठन संरचना और मानव संसाधन नीति को मूल रूप से बदल रहे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, एआई से प्रेरित उत्पादकता और लागत में कटौती की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उदाहरण के तौर पर, एमेजोन ने 30,000 सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों को एआई की मदद से मात्र छह महीनों में अपग्रेड किया, जो कार्य सामान्यतः डेवलपर्स को एक वर्ष लगता। इससे कंपनी को लगभग 250 मिलियन डॉलर की बचत हुई।

इसी प्रकार, माइक्रोसोफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों में कोडिंग का 20 से 50 प्रतिशत कार्य एआई से कराया जा रहा है। भारत में एआई का प्रसार अभी अमेरिका या यूरोप की तुलना में सीमित है, लेकिन इसकी गति तीव्र है। देश के स्टार्टअप और आईटी क्षेत्र में छंटनियों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल वर्ष 2025 के शुरूआती पांच महीनों में भारत में 3600 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया, जिसमें एआई आधारित लागत नियंत्रण एक प्रमुख कारण रहा। यह स्पष्ट करता है कि एआई के कारण दोहराव वाले कार्यों की उपयोगिता घट रही है और उनकी जगह स्मार्ट तकनीक ले रही है। मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को बढ़ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई



हकीकत को देखते हुए, अनेक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाले बनकर उभर रहे हैं कि क्या यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए? एआई युग में नौकरी की अनिश्चितता क्या तकनीक विकास के नाम पर विस्थापन नहीं है? छंटनी की चपेट में युवाओं का भविष्य क्या तकनीकी प्रगति के नाम पर मानव श्रम पर आघात नहीं है? क्या स्मार्ट मशीनें के दौर में भारत में रोजगार को नई चुनौती और इंसानों को हताशा में धकेलना नहीं है? एआई का विस्तार यानी नौकरी का संकुचन क्या भारत के लिए बड़ी चेतावनी की घड़ी बन रहा है? इन प्रश्नों के परिप्रेक्ष्य में देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में आईटी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लेकिन टीसीएस के इस फैसले से आईटी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे उन लाखों छात्रों और डिग्री लेकर निकल रहे उत्साही इंजीनियरों में निराशा व्याप्त होगी। भारत में बढ़ता रोजगार संकट केंद्र सरकार से निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। हाल ही में हरियाणा में हुई एक परीक्षा में लाखों युवाओं की भागीदारी इस बात का संकेत है कि रोजगार की मांग कितनी व्यापक और अवसर कितने सीमित हैं। देश ही नहीं, दुनिया में रोजगार का संकुचन एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। गोल्डमैंन सोच्स की रिपोर्ट के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के चलते दुनिया भर में लगभग 300 मिलियन नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। विश्व आर्थिक मंच का आकलन है कि 2030 तक 92 मिलियन नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन उसी अवधि में 170 मिलियन नई नौकरियां भी पैदा होंगी। यह एक दोधारी तलवार है, जो बदलेगा, बचेगा; जो रुकेगा, वो हाशिए पर जाएगा। टीसीएस का दावा है कि छंटनी का निर्णय भविष्य की जरूरतों के अनुसार संगठन को ढालने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का ध्यान एआई में निवेश, नए बाजारों में प्रवेश, ग्राहक अनुभव सुधार और कार्यबल मॉडल के पुनर्गठन पर केंद्रित है। हालांकि, यह तर्क उन हजारों कर्मचारियों की व्यथा को शांत नहीं कर सकता जिनकी आजीविका पर इसका सीधा प्रहार हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कंपनी के भीतर बल्कि समूचे आईटी क्षेत्र में आशंका, आक्रोश एवं अनिश्चितता का माहौल बन गया है। खासकर युवाओं और आईटी की पढ़ाई कर रहे लाखों छात्रों के लिए यह एक मानसिक झटका है। तकनीकी शिक्षा में दाखिले बढ़ रहे हैं, लेकिन रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। यह असंतुलन देश की सामाजिक स्थिरता को भी प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि विश्व स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई के कारण जोखिम में हैं। भारत में अनुमान है कि 2025 तक 12-18 मिलियन नौकरियां एआई आधारित ऑटोमेशन के चलते प्रभावित हो सकती हैं, विशेषकर आईटी और बीपीओ क्षेत्रों में। एटेमबर्ग के संस्थापक के अनुसार, भारत में 40-50 प्रतिशत व्हाइट कॉलर नौकरियां एआइ से प्रभावित होने के कगार पर हैं, जिससे देश के मध्यवर्ग की आर्थिक स्थिरता को गहरा झटका लग सकता है। टीसीएस की छंटनी ने बेरोजगारी के दौर में बड़ी हलचल मचाई है, हालांकि आईटी और तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले बढ़े हैं, लेकिन उनमें व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख कौशल की कमी है। यह असंगति ही भविष्य में अधिक छंटनियों का कारण बन सकती है। एआई हर भूमिका को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उसे पुनर्परिभाषित करेगा। जहां दोहराव और विश्लेषण की आवश्यकता है, वहां एआई प्रभावी होगा, लेकिन रचनात्मकता, सहानुभूति और निर्णय क्षमता जैसे गुणों में मानव की भूमिका बनी रहेगी। डॉक्टर, शिक्षक, वकील, पत्रकार जैसे पेशों में एआईएक सहयोगी के रूप में कार्य करेगा, प्रतिस्थापन के रूप में नहीं। मेटा के प्रमुख एआई वैज्ञानिक यान लेकुन के अनुसार, एआई अधिकतर कार्यों का केवल एक हिस्सा ही कर सकता है, वह भी पूरी तरह परिपूर्ण नहीं। मानव श्रमिकों का सीधा प्रतिस्थापन संभव नहीं है।



ललित गर्ग

निश्चित तौर पर एआई और तकनीकी बदलाव अपरिहार्य हैं। सवाल यह है कि हम इसके लिए कितने तैयार हैं? इसके लिए तीन प्रमुख कदम जरूरी हैं, पहला पुनःकौशल और सतत शिक्षा यानी कार्यबल को भविष्य के अनुरूप प्रशिक्षित करना होगा। डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, एआई एथिक्स, सॉफ्ट स्किल्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण अनिवार्य बनाना होगा। दूसरा नीतिगत समर्थन यानी सरकार को एआई नीति, डिजिटल समावेशन और श्रमिक सुरक्षा के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने होंगे। रोजगार खोने वालों के लिए पुनर्वास योजनाएं और स्किल अपडेट कार्यक्रम आवश्यक हैं। तीसरा सांस्कृतिक और सामाजिक समायोजन यानी एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के रूप में भी देखा जाना चाहिए। इसे अपनाने में पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाना होगा। तकनीकी बदलाव नई संभावनाएं लेकर आते हैं, लेकिन वे अनायास ही चुनौतियां भी खड़ी करते हैं। टीसीएस की छंटनी से जो संदेश मिलता है वह यही है कि एआई युग में केवल वही टिकेगा जो परिवर्तनशील रहेगा। अब समय आ गया है कि हम तकनीक को केवल उपकरण नहीं, बल्कि नीति और जीवनशैली का हिस्सा मानें। सतत सीखना, अनुकूलन और सामाजिक न्याय, यही तीन स्तंभ हैं, जो भारत को इस तकनीकी क्रांति में न केवल जीवित, बल्कि अग्रणी बना सकते हैं।

## मोनिका डागा



## फिर आई पुरवाई

कविता

फिर आई पुरवाई,
तन मन में उमंग छाई,
रिमझिम बूँदे बरसाई,
चहुँ ओर खुशियॉं छाई ।

मन में उठे मीठी हिलोर,
पवन करे ₹आनंद₹ शोर,
उपवनों में झूमे हैं मोर,
अमृत बरसे है घनघोर ।

कजरी गीत दे सुनाई ,
सजनी सखी हर्षाई,
प्रकृति भी मुस्कुराई,
मस्ती हर मन में छाई ।

पत्ता पत्ता है डोला,
संगीत मधुर है घोला,
भीगा सतरंगी चोला,
मन हुआ बॉवरा भोला ।

कोयलिया कूके कारी,
शोभा प्रकृति की प्यारी,
ऋतु बरखा की न्यारी,
खिली देखो फुलवारी ।

# सफलता के नेपथ्य में मानवीय मूल्य, श्रम का विकल्प सिर्फ कठोर श्रम

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण और प्रतिभा संपन्न मानते हैंआज के परिपेक्ष में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या विकल्प नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंसभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंह्व. मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा, आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो, तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैजिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैयही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है। मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंसफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए, और इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैऔर वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैभारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है, जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया ।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है, जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है।



संजीव ठाकुर

क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है, एवं राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है।

# अपने अपमान की महिलायें स्वयं जिम्मेदार

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता,ज्योतिषी व धर्मगुरु टी वी स्क्रीन की 'शोभा' बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने 'प्रकट ' होते हैं तो उनका साज श्रृंगार,मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं। ऐसे ही एक 'कथावाचक' व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रुपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ़्टर शेफ़्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं। परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिये विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिये भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को ₹विष -की-किट₹ यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया। तो कभी पीज्जा में पड़ने वाले चीज (पनीर ) को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गये। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि -' महिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगे'। एक बार एक टी वी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टी वी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेंहू चुनचुन कर निकालकर उस गेंहू का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है? परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित ₹प्रवचन ₹ में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमायें पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचन कताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी क्लश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कताओं की शोभा यात्रा निकालकर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिये माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलायें जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यहीं महिलायें जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं, जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहले पहुँचती हैं। जो महिलायें श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किये शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है। उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि 'लोग विवाह के लिये लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत, और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह ,उसकी जवानी फिसल जाएगी'। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौर तलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया । जगह जगह उनके पुतले फूंके गये। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गयीं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टी आर पी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गयी । अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि 'मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए।' यह कहकर मुआफी मांगनी तो क्या उन्होंने अपनी 'चार जगह मुंह मारने ' जैसी सड़क छाप 'भाषा शैली ' का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा ? जरा सोचिये कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहाँ लड़कियां चाँद पर पहुँचने की होड़ में लगी हुई हैं। जिस देश में प्रतिभावान युवतियां सिविल सेवाओं में व डॉक्टर इंजीनियर व उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जहाँ सेनाओं में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं देकर देश का गौरव बढ़ा रही हों, उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं। गोया एक अनपढ़ मां की परिकल्पना को साकार करने की कोशिश करते हैं? रहा सवाल चार जगह मुंह मारने का तो यह देश का दुर्भाग्य है कि इसी भारतीय समाज में कुछ कुसंस्कारी लोग सभी क्षेत्रों व समाज के सभी वर्गों में हैं जो मुंह मारते रहते हैं। चाहे वह संत समाज ही क्यों हो। जहाँ आज अनेक चरित्रवान त्यागी परोपकारी व धर्मात्मा संत धर्म की रक्षा में लगे हैं वहीं कुछ 'मुंह मारने ' वाले जेल की सजा भी भुगत रहे हैं। कभी कोई संत औरतों को 5-10 बच्चे पैदा करने की सलाह देता है। गोया आसमान की बुलंदी को छूने वाली महिलायें इन जैसों की नजरों में केवल बाल विवाह सामग्री व बच्चे पैदा करने की मशीन मात्र रह गयी हैं? कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलायें स्वयं ही अपने अपमान की जिम्मेदार हैं।



निर्मल रानी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बिजनौर के नूरपुर थाना क्षेत्र में डबल मर्डर से क्षेत्र में दहशत का माहौल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**





मृतक पति-पत्नी के फाइल फोटो

**बिजनौर :** जनपद बिजनौर के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल रहमानपुर उर्फ युरैना निवासी पति-पत्नी खेत में घास काटने गए।

जहां दोनों की हत्या कर दी गई महिला का शव गन्ने के खेत में जबकि उसके पति का शव 100 मीटर दूरी पर पड़ा मिला। इस दौहरे हत्याकांड पर आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर दिया और शव को मौके से नहीं उठने दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व कई थानों की पुलिस के साथ सीओ चांदपुर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। घंटो तक चली नोक झोक के बाद, रात को पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणो को समझाकर शांत किया और शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल रहमानपुर उर्फ. पुरैना निवासी (35) वर्षीय परवेन्द्र कुमार पुत्र मोतीलाल सैनी अपनी पत्नी गीता देवी के साथ धान के खेत में उगी घास काटने खेत पर गए थे। दोनों के दोपहर तक घर वापस न आने पर परिजनों को उनकी चिंता हुई और उनकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों द्वारा तलाश किए जाने के दौरान परवेंद्र का शव खेत में एक पेड़ के नीचे पड़ा मिला। परिजन परवेंद्र के शव को लेकर घर आ गए और गीता की तलाश में जुट गए तलाश करने पर गीता का शव भी पास के ही एक गन्ने के खेत में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया और एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय व आसपास के कई थानों की पुलिस के साथ ही सीओ चांदपुर देश दीपक, अपर पुलिस अधीक्षक बिजनौर विनय कुमार मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने का प्रयास किया मगर हंगामा कर रहे ग्रामीणों ने शव नहीं उठने दिए। रात को जब पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा मौके पर पहुंचे तो उन्होंने ग्रामीणो को समझाकर शांत किया और शव पोस्टमार्टम हेतु भेजे गए। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु भेजे गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही मौके के कारणो का पता लग सकेगा। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है।

# विकास भवन में 24 घंटे से अंधेरा, दफ्तरों में लगे ताले, लौटे फरियादी

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**




**बरेली।** विकास भवन में 24 घंटे से बिजली गुल होने की वजह से यहां पर आने वाले फरियादियों को मायूस होकर वापस घर लौटना पड़ा, क्योंकि बुधवार को दोपहर के 12:30 बजे तक कई कार्यालयों में ताले लटकते रहे। ताला खुलने के इंतजार में कई फरियादी वहां बैठे रहे लेकिन जब ताले नहीं खुला तो उन्हें भी वापस लौटना पड़ा। पिछले 24 घंटों से विकास भवन की बिजली में सुधार नहीं हो पाने से कार्यालय के कंप्यूटर नहीं चल पा रहे हैं। इसलिए कर्मचारी भी कार्यालयों से नदारद रहे। बिजली गुल होने के पीछे एमसीवी खराब हो जाना बताया जा रहा है। बिजली की समस्या विकास भवन के भूतल पर है, जहां पर जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीपीआरओ, अर्थ एवं संख्या अधिकारी के कार्यालय हैं। इन कार्यालयों में मंगलवार सुबह 11:00 से सरकारी कार्य प्रभावित है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में तो बुधवार दोपहर 12:30 बजे भी ताला लगा मिला। बाल विकास पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में डीपीओ मनोज कुमार मौजूद नहीं थे। जिला विकास अधिकारी दिनेश यादव का कहना है कि विकास भवन के भूतल पर बिजली की दिक्कत हो गई है, यह बात उन्हें आज बुधवार सुबह 11:00 बजे के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने फोन करके बताई है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को विकास भवन में जगह दी गई है, बाकी व्यवस्था उन्हें खुद करनी चाहिए। अपने-अपने कार्यालय में कई एसी लगा रखे हैं, जिससे लोड बढ़ा और एमसीवी फूंक गई है।

एमसीवी का मूल्य 25 हजार रुपये है। जिला विकास अधिकारी ने कहा है कि व्यवस्था कराई जा रही है, बातचीत की गई है। जल्द ही बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी और सभी कार्यालय पूर्व की भांति कार्य करने लगेंगे।

# आमजन की समस्याओं को देखते हुए नऐ आधार कार्ड सेवा केंद्र का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर के नजीबाबाद ब्लॉक बीडीओ दीपक तेवतिया, डीएसटीओ धर्मवीर सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया।आपको बता दें, सरकारी संस्थाएं हो या निजी संस्थाएं अब प्रत्येक जगह पर आधार कार्ड की आवश्यकता होती है। उसी जरूरत को देखते हुए सरकार ज्यादा से ज्यादा आधार कार्ड सेंटर खोलने के लिए अग्रसर है।देखा जाए तो नजीबाबाद के बड़े डाकखाने में और साहनपुर के डाकखाने में आधार कार्ड बनाने का संचालन किया जा रहा है। लेकिन इन दोनों स्थानों पर बढ़ती भीड़ और आमजन मानस की समस्याओं को देखते हुए आधार कार्ड बनाने की तीसरी शाखा कोटद्वार रोड स्थित तहसील के अंदर कृषि गोदाम के पीछे सरकारी आवास में खुल गई है।आधार कार्ड सेवा केंद्र के संचालक मोहम्मद दानिश ने बताया कि हमारे यहां पर जीरो से 18 वर्ष तक की आयु के फ्री नये आधार कार्ड बनाए जाएंगे, आधार कार्ड बायोमैट्रिक अपडेट के लिए 100 रुपए का चार्ज होगा और आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक कराने के लिए 50 रूपए एवं पता बदलने के लिए 50 रूपए का चार्ज होगा। इस मौके पर नसीम अहमद, मोहम्मद दानिश, महेंद्र कुमार, सचिन कुमार, स्वेत पंवार आदि लोग मौजूद रहे।

# रातो को ड्रोन उड़ने की अफवाहों को लेकर थाना गंज पुलिस लगातार नुक्कड़ सभाएं कर रही है

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** रातों को ड्रोन उड़ने की अफवाहों को लेकर थाना गंज पुलिस लगातार नुक्कड़ सभाएं कर जनता को जागरुक कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला घेर बाज खां स्थित वसीम खां पत्रकार के आवास पर आयोजित सभा में थाना गंज की चौकी पुराना गंज प्रभारी संदीप कुमार शर्मा ने मोहल्लेवासियों और आसपास के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें। अगर कोई भी संदिग्ध दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत डायल 112 या थाने को दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाली किसी भी वीडियो को बिना सोचे समझे आगे शेयर ना करें। चौकी प्रभारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। जो लोग सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो बनाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं उनके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स की खोज कर रही हैं जिनके द्वारा लोग फॉलोअर्स बढ़ाने एवं व्यूज पाने के चक्कर में उल्टे सीधे वीडियो अपलोड कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सभी ड्रोन संचालको को निर्देशित किया गया था कि वह तीन दिन के भीतर अपने आधार कार्ड के साथ अपने ड्रोन का रजिस्ट्रेशन करा लें। रजिस्ट्रेशन की समय सीमा अब समाप्त हो गई हैं। अब ड्रोन चलाने वालों के खिलाफ शिकंजा कसने की तैयारी हो रही हैं।

# सोशल मीडिया पर बिना तस्दीक किये वीडियो वायरल करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार


**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** थाना गंजः- सोशल मीडिया(इन्सटाग्राम) पर बिना तस्दीक किये थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा एक महिला को उसकी छत पर कपड़े सुखाने के दौरान चाकू मार कर घायल कर देने की फर्जी वीडियो अपलोड़ करने का आरोपी गिरफ्तार ।अवगत कराना है कि शरफराज अली पुत्र जफर अली निवासी आजाद हास्पिटल नानकार थाना गंज जनपद रामपुर द्वारा सोशल मीडिया(इन्सटाग्राम) पर बिना तस्दीक किये थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला शुतरखाना में अज्ञात चोर द्वारा एक महिला को उसकी छत पर कपड़े सुखाने के दौरान चाकू मार कर घायल कर देने संबंधित वीडियो अपलोड़ किया गया था, जिस पर थाना गंज, रामपुर पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए वीडियो में दिखाए गये स्थान पर जाकर जाँच की गयी, जाँच में पाया कि छत पर कपडें सुखाने गयी महिला का पैर फिसल जाने के कारण हाथ में दीवार में लगी टीन से चोट लग गयी थी, महिला और उसके परिजनो द्वारा बताया गया कि किसी चोर ने हमला नही किया है ।

# बिजनौर की बेटी फाजिला सरताज को अमेरिका की यूनिवर्सिटी में शोध और असिस्टेंट प्रोफेसर की जिम्मेदारी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** मौहल्ला काजीपाड़ा कलीम कॉलोनी की होनहार बेटी फाजिला सरताज ने जिले का नाम रोशन कर दिया है। उन्हें अमेरिका की प्रतिष्ठित बिनगाहमटन यूनिवर्सिटी में रसायन विज्ञान विषय में शोध कार्य के लिए चुना गया है। इसके साथ ही उन्हें वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर पद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है ।फाजिला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर से प्राप्त की ।इसके बाद उन्होंने बी.एस.सी. और एम.एस.सी. (ऑनर्स) की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से पूरी की। विज्ञान में विशेष रुचि रखने वाली फाजिला लंबे समय से अमेरिका में उच्च शिक्षा और शोध के लिए प्रयासरत थीं और अब उनकी मेहनत रंग लाई है ।फाजिला के पिता इंजीनियर मोहम्मद सरताज खान हैं, जो पहले कोरियन लक्जरी कार निमार्ता कंपनी डीसीएम डेवू मोटर्स में कार्य कर चुके हैं। उनकी माँ अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर हैं और गृहिणी हैं। उनकी छोटी बहन आलिमा सरताज जेएनएमसी, एएमयू में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की छात्रा हैं, जबकि छोटा भाई हाल ही में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। फाजिला की इस सफलता पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है ।रिश्तेदारों, स्थानीय नागरिकों और शुभचिंतकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। फाजिला का कहना है, ₹यह सफलता मेरे माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन और मेरी सतत मेहनत का फल है ।₹ उन्होंने विशेष रूप से बेटियों को संदेश देते हुए कहा कि ₹अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और इरादे मजबूत हों, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह सकता ।₹फाजिला सरताज की यह उपलब्धि न केवल बिजनौर के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह जिले की बेटियों और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है।

# बुगरासी में चोटी काटने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**वेलकम इंडिया**



चोटी काटने के बाद से महिला का पति घर से फरार है। आशंका है कि आपसी विवाद में चोटी काटी गई है
**-रितेश कुमार सिंह थानाप्रभारी नरसेना**

**नरसेना :** थाना नरसेना क्षेत्र की बुगरासी चौकी क्षेत्र में अभी ड्रोन की अफवाहों का मामला शांत हुआ भी नहीं था। कि मंगलवार की रात को एक अजीब और गरीब मामला सामने आ गया। बुगरासी चौकी क्षेत्र में एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके घर में घुसकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोटी काट दी। चोटी कटने की सूचना मिलने पर तुरन्त बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह साथ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली मंगलवार की रात को कस्बे के मौहल्ले पंडितों वाले में एक मुस्लिम महिला की चुटिया काटकर वहीं छोड़ गये। जानकारी के अनुसार बुगरासी के मौहल्ला पडियोवाला निवासी इरफान की पत्नी गुलिस्तां ने बताया कि मैं भी अपनी बेटी के साथ सोई हुई थी रात को करीब 12 बजे मेरी आंख खली तो देखा कि एक आदमी ऊपर छत पर खडा है तो दूसरा मेरी चारपाई के पास दिखाई दिया ।मैने अपने पति को अवाज लगाई आवाज सुनकर वह भाग गये ।बाद देखा तो मेरी चुटिया कटी पडी थी महिला ने यह भी बताया कि जब चुटिया काटी जा रही थी तो मुझे कुछ एहसास हो रहा था। कस्बे मे तरह तरह की चचाएं हैं। कुछ तो घटना को संदिग्ध मानकर चल रहे है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल मे जुट गई है। तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो पायेगा बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह ने बताया कि महिला के पति द्वारा नशे की हालत उनकी छोटी काटी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो उसका पति मौके से फरार हो गया।

# लखनऊ-दिल्ली मेल का चक्का जाम होने से निकली चिंगारी, यात्रियों में मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** लखनऊ-दिल्ली के बीच चलने वाली 12230 लखनऊ मेल के एक कोच में मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। अचानक ट्रेन के डी-4 कोच का चक्का जाम होने के कारण चिंगारी निकलने लगी जिसकी वजह से कोच में धुआं भरने लगा, कोच में यात्रियों ने जब चिंगारी और धुआं देखा तो यात्रियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद बरेली जंक्शन पर ट्रेन को रोककर खराबी को दूर किया गया साथ ही सभी कोचों की जांच के लिए प्रारंभिक रखरखाव डिपो को भी साथ लिखा गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात 10 बजे लखनऊ मेल दिल्ली से चलने के बाद मंगलवार-बुधवार 2:15 बजे यह गाड़ी रामपुर-बरेली के बीच पहुंची थी। ट्रेन के डी-4 कोच में सवार यात्री एक यात्री ने बताया है कि इस दौरान यात्रियों ने देखा कि ट्रेन के चक्के से चिंगारी निकल रही हैं, जो कोच के अंदर तक आ रही हैं। कुछ ही देर में कोच में धुआं आने लगा। इसे देखकर यात्रियों में हड़कंप मंच गया, जिसके बाद यात्रियों द्वारा इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। ट्रेन एक घंटे की देरी से 3:35 बजे बरेली जंक्शन पहुंची। यहां ट्रेन परीक्षक की टीम पहले से ही तैयार थी। बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन को ठहराव देकर चक्के में आई खराबी को दूर किया गया। इसके बाद 4:07 बजे ट्रेन को बरेली से लखनऊ की ओर रवाना कर दिया गया। लखनऊ मेल के डी-4 कोच के पहिये का चक्का जाम और चिंगारी निकलने संबंधी रिपोर्ट को रखरखाव डिपो को भेज दी गई है। वहां अब ट्रेन के सभी कोचों की जांच की जाएगी। स्टेशन अधीक्षक ने बताया है कि चक्के में कुछ तकनीकी खराबी आई थी। उसे दूर करने के बाद गाड़ी को आगे रवाना कर दिया गया है। इस दौरान करीब 32 मिनट तक ट्रेन जंक्शन पर खड़ी रही। यहां आपको बता दे कि 12229/30 लखनऊ मेल के संचालन को 100 साल हो चुके हैं। इस दौरान चार बार इस गाड़ी का नंबर बदला जा चुका है। 2005 में लखनऊ मेल का संचालन एलएचबी कोच की रैक से शुरू करने के साथ इसको सुपरफास्ट का दर्जा दिया गया। यह गाड़ी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली अंतरराष्ट्रीय मानकों पर दिया जाने वाले आईएसओ 9000 प्रमाणन प्राप्त है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 1 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई 2025 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को यह निर्देशित किया कि मलेरिया, डेंगू, जे०ई० एवं अन्य संचारी रोगों से जो भी रोगी ग्रसित हो, उनका निर्धारित समयानुसार फॉलो-अप अवश्य किया जाये। उन्होंने कहा कि समय-समय पर रोगी के घर जाकर या दूरभाष द्वारा भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार फॉगिंग, नालियों की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में, अभियान के तहत झाड़ियों की कटाई एवं विशेष साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आशा संचारी रोग नियंत्रण को लेकर गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें। बुखार आदि की स्थिति में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सम्बन्धित सभी विभागों को अभियान के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया।

# उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी ने कहां टीकाकरण अभियान में कोई भी लापरवाही नहीं

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनोर धामपुर विश्व स्वास्थ्य दिवस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 1अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक चलने वाले टीडी टीकाकरण अभियान , एन डी डी अभियान और राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की टीटीएफ मीटिंग /तहसील स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग उपजिलाधिकारी धामपुर सुश्री रितु रानी की अध्यक्षता में हुई संपन्न। कोई भी लापरवाही नहीं होगी बर्दास्त,तहसील स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग में उप जिलाधिकारी धामपुर सु श्री रितु रानी ने दिए आदेश विभाग ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वाहन कर अभियान को सफल बनायें:- सुश्री रितु रानी।धामपुर उप जिलाधिकारी रितु रानी ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार विश्व स्वास्थ्य दिवस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 1अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक स्कूलों में चलाए जाने वाले टीडी टीकाकरण अभियान ओर एन डी डी कार्यक्रम /राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम जो 11 अगस्त को चलाया जाएगा जिसका माप अप राउंड 14 अगस्त को होगा ,के संदर्भ में तहसील स्तरीय अन्तर्विभागीय के समन्वय से व्यापक स्तर पर चलाया जायेगा ।उपजिलाधिकारी रितु रानी ने सभी से कहा की इस टीडी टीकाकरण अभियान में कोई भी लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों को नियमित रूप से खोला जाए और लक्षित समूह के बच्चों का शत प्रतिशत टीडी टीकाकरण किया जाए। लापरवाही करने वाले स्कूलों को बख्शा नहीं जाएगा ।कोई भी किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। यह अभियान सोमवार मंगलवार ,गुरुवार ओर शुक्रवार को स्कूलों में चलाया जाएगा। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनोर के अधीक्षक से/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0बी0के0 स्नेही ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इन दोनों कार्यक्रमो के लिए नोडल विभाग है। इन कार्यक्रम में सभी विभागों का सहयोग लिया जा रहा है।

# संगठन को मजबूत करने का सभी करे कार्य हर कदम पर होगी जीत: जिलाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद - ब्लॉक नजीबाबाद की ग्राम छोटी ज्वाली में ग्राम प्रधान परवेज के आवास पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मीटिंग का आयोजन किया गया! मीटिंग में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा नये जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मीटिंग में सर्वप्रथम प्रवक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि हमें अपने हक की आवाज के लिए सरकार से एकजुट होकर लड़ना है और सरकार को संगठन की ताकत दिखानी है।शिवकुमार ने मीटिंग को संबोधित करते हुए स्मार्ट मीटर का विरोध किया और कहा की स्मार्ट मीटर एक बड़ी बीमारी है जो जेबो पर डाका डालेंगे और जेबें खाली कर देंगे, इसलिए एकजुट होकर इसका विरोध करें। अजय सिंह बलिया ने आगामी 13 अगस्त को होने वाली जिला स्तरीय ट्रेक्टर यात्रा के लिए सभी को तैयार और एक जुट होकर कर जिलाध्यक्ष के कंधों को मजबूत करने की बात कही। रंधावा सिंह पहलवान ने अपनी वाणी में कहा कि मीटिंग में आए सभी साथियों का संगठन में स्वागत है संगठन से जुड़कर संगठन और नये और जिला अध्यक्ष की ताकत बढ़ाए जिससे कि अधिकारियों को संगठन की ताकत का पता चल पाए, और वक्त पर सारे काम हो जाए।विरेश राणा ने कहा कि बाबा टिकट ने जो छांव का पेड़ लगाया था जो सभी को छाया देता था इसीलिए हम सबको एकजुट होकर रहना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि हरी टोपी और हरा गमछा हमारा हथियार है जब हम संगठन से जुड़कर गमछा डालकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं तो उन्हें हमारी ताकत का अंदाजा होता है और हमारा काम आसान हो जाता है, इसीलिए संगठन को बढ़ाने और मजबूत कर जिला अध्यक्ष के कंधों को मजबूत करें। और उन्होंने कहा कि एकता में ही जान होती है अपनी मुट्ठी को बंद रखें और सामने वाले को ताकत का एहसास कराए। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि अकेले लड़ाई लड़ना मुश्किल काम होता है अगर हम एकजुट होकर ताकत बनेंगे तो हमारा संगठन तो मजबूत होगा ही साथ ही लड़ी जाने वाली हक की लड़ाई में हमारी और संगठन की जीत होगी उन्होंने सभी किसानों से अपील कर कहा कि आगामी 13 अगस्त को को सभी किसान भाई अपने-अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर जिला स्तरीय ट्रैक्टर मार्च में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाएं और जिला अध्यक्ष की ताकत को और मजबूत करें। मीटिंग के मुख्य अतिथि नवनिर्मित जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने आप सब लोगो ने संगठन की मीटिंग में आकर संगठन की ताकत को बढ़ाने का काम किया है हमें ऐसे ही योद्धा चाहिए जो मिलजुल कर गरीबों और मजलूमों के हक की लड़ाई लड़ सके और अधिकारियों की आंख में आंख डालकर बात कर सके बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने एक नारा दिया था हर हर महादेव, जिस पर सभी मुस्लिम भाई अल्लाह हू अकबर बोलते थे और आज भी बोलते हैं तो हमारे संगठन में जाति भेदभाव का कोई भी विकल्प नहीं है हम सब एक हैं और एक दूसरे की आवाज है किसान एकता जिंदाबाद हैं और जिंदाबाद रहेगी। इस मौके पर अजय बालियान, रंधावा पहलवान, महेंद्र सिंह, रजनीश अहलावत, मोनू प्रधान, अमित बालियां, मास्टर करन सिंह, रामेंद्र सिंह योगेंद्र सिंह शिव कुमार अजीत दुष्यंत अभिषेक नाजिम एडवोकेट आशु चौधरी संगठन मीडिया प्रभारी सरफराज अहमद, मोहम्मदइकराम, जितेंद्र सिंह, विनीत चौधरी, शुभम चौधरी, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# समस्त कावड़ यात्रियों के लिए प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद (वाराणसी)**।नागपंचमी के पावन अवसर पर सरोज वाटिका, मिर्जामुराद क्षेत्र में समस्त कावड़ यात्रियों के लिए प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। श्रावण मास में श्रद्धालु भक्तों की सेवा एवं पुण्य कार्य की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।इस पुण्य कार्य के प्रमुख व्यवस्थापक जेसन मिश्रा (माधव मित्रमंडल) रहे, जिनके कुशल निर्देशन एवं समर्पण से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनके साथ श्री अर्पित सिंह, अमित मिश्रा, वैभव पांडेय, सत्यम मिश्रा, शनि शर्मा, हिमांशु, श्रेयम एवं विशेष ने भी तन-मन से सहयोग प्रदान कर इस सेवा कार्य को सफल बनाया।स्थानीय क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं कावड़ यात्रियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के पुण्य कार्य निरंतर होते रहने की कामना व्यक्त की।

# प्रॉपर्टी डीलर की सरेराह गोली मारकर हत्या, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ**। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सुभाष नगर में मंगलवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब बाइक सवार हमलावरों ने एक व्यक्ति को सरेराह गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान फतेहउल्लापुर, पहलवान कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय सलीम के रूप में हुई है, जो प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता था।

मंगलवार को सलीम एक बैनामा कराने कोर्ट गया था। कार्य समाप्त होने के बाद वह ई-रिक्शा से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सुभाष नगर की मेन रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने उसे निशाना बनाते हुए पीछे से गोली चला दी। गंभीर रूप से घायल सलीम को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों के अनुसार, उसे गर्दन और कमर में गोली लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सलीम का किसी से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश या संपत्ति संबंधी मुकदमे से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने हत्या की जांच के लिए दो टीमें गठित की हैं और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# संपूर्णता अभियान उत्सव में अधिकारियों का हुआ सम्मान

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर**। जनपद के लोहिया कला भवन सभागार में वुधवार को संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंत्री अनिल राजभर, पूर्व विधायक राजा जय प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी राजा गणपति आर व मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सीएमओ रजत कुमार चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न संबंधित विभागों के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों को गिफ्ट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसमें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने तभी से उनकी प्राथमिकता थी कि गरीब का कल्याण, नवजवानों का सपना साकार हो। महिला सशक्तीकरण और भारत को अखंड राष्ट्र बनाने की रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से जो भी प्रयास किया गया है, उसका परिणाम लोगों को मिल रहा है। यह कार्यक्रम उनके प्रयासों की छोटी सी झलक है।पिछड़े जनपदों को चिन्हित कर उनके सर्वांगीण विकास की योजना बनाना।







# अनियंत्रित होकर बच्चों से भरी स्कूल बस पलटी

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**पथरा/सिद्धार्थनगर**। बांसी-डुमरियागंज रोड़ पर पाली गांव के पास बुधवार सुबह लगभग आठ बजे एक मदरसे की बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस दौरान बस में सवार चार छात्राएं और ड्राइवर घायल हो गए।

बस की चपेट में आने से एक बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकालकर जिला अस्पताल बांसी पहुंचाया गया। जबकि, बाइक सवार की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। क्षेत्र के तिगोड़वा बवगवा स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया सलफिया तालीमुल कुरान की बस सुबह 8:00 बजे छात्राओं को लाने मिठवल जा रही थी। पाली गांव के पास चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए बस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद चीख पुकार सुनकर मच गई, जिसे सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बस का शीशा तोड़कर सभी को बाहर निकाला और एंबुलेंस से बांसी भेजवाया। जहां बाइक सवार संदीप सोनी की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना पर पथरा और बांसी की पुलिस भी पहुंची और जेसीबी से बस किनारे की। जांच में पता चला कि घायलों में फरीदा (14) पुत्री हमीद, हसीना (15) पुत्री तौहीद, इकरा (11) मरियम (12), बस चालक सरवन सोनी (38) बाइक सवार संदीप (27) शामिल हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर बेखौफ शायर ने लगाए पेड़

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़ जनपद हापुड़ में अन्तर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के अवसर पर ग्राम मुरादपुर की सागर कालोनी निवासी अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लेखन करने वाले व कबीर साहित्य परिषद -भारत के संस्थापक जनकवि बेखौफ शायर डा.नरेश कुमार 'सागर' और मोहरसिंह फल आढ़ती सोनू सागर ने सागर कालोनी में पांच पेड़ लगाएं। जिसमें सहजन, गुलाब, नाशपाती, चीकू और पीपल के पेड़ शामिल रहे।बेखौफ शायर डा.नरेश सागर ने कहा कि.पेड़ों की मित्रता में गद्दारी नहीं होती ये जीवन भर हमें फल, लकड़ी, औषधि,छांव और आक्सीजन प्रदान करते हैं जिनके ऊपर हमारा जीवन टिका हुआ है। पेड़ ही हमारे जीवन के सच्चे मित्र और रक्षक है। उन्होंने अपने दोहे के माध्यम से दुनिया को एक संदेश भी दिया कि.पेड़ों से मित्रता करो, जीवन करो महान।पेड़ सुरक्षित जानिए, पास खड़ा भगवान। फल आढ़ती सोनू सागर ने कहा कि पेड़ ही हमारे सच्चे मित्र होते हैं हमें पेड़ों से अपनी मित्रता बनाएं रखनी चाहिए क्योंकि पेड़ है जो जीवन है। सहयोग में समीर सागर, राय साहब, निखिल सागर, साक्षी व पूनम सागर उपस्थिति रहें।

# नाली निर्माण से जल निकासी की समस्या होगी दूर: नपाध्यक्ष गोविंद माधव

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर**। नगरपालिका परिषद सिद्धार्थनगर के आजाद नगर से सरोजनी नगर वार्ड होते हुए मुड़िला को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू हो जाएगा। प्रथम चरण में नाली का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

नाली बनने के बाद करीब 80 लाख रुपये से 800 मीटर सीसी रोड का भी निर्माण शुरू होगा। स्वीकृति के लिए शासन को पत्रावली भेज दी गई है। इस मार्ग के बनने से करीब 20 हजार आबादी को सहूलियत मिलेगी। उक्त बातें नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने कही। उन्होंने बताया कि नगर को स्मार्ट नगर पालिका बनने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने आश्वासन दिया था। इसी क्रम में नगर की अधिकांश सड़कों पर निर्माण कार्य तेज हो गया है। उन्होंने बताया कि आजाद नगर वार्ड नाली निर्माण व सड़क बनने से जल भराव की भी समस्या खत्म हो जाएगी।

> स्वीकृति के लिए शासन को पत्रावली भेज दी गई है

# जंगलेश्वर मंदिर पर महंत दीनबंधु महात्यागी जी ने किया हनुमान जी का भव्य श्रृंगार

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन**। गिरिराज जी की बड़ी परिक्रमा मार्ग के प्राचीन जंगलेश्वर मन्दिर में भव्य दिव्य वैदिक विधि विधान से हनुमान जी का पूजन अर्चन वंदन किया गया।सावन के मंगलवार को जंगलेश्वर वाले हनुमान जी मंदिर पर महंत दीनबंधु महात्यागी महाराज द्वारा फूल बंगला, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत दीनबंधु महात्यागी महाराज ने बताया कि ₹राम जासु जस आपु बखाना₹ महावीर हनुमान स्तोत्र का एक अंश है, जिसका अर्थ है, ₹जिनके यश का बखान स्वयं भगवान राम करते हैं, ऐसे रामभक्त हनुमान को प्रणाम है। ब्रज मंडल के सरस भागवत वक्ता पूर्ण प्रकाश कौशिक जी महाराज ने बताया कि यहाँ ₹आपु बखाना₹ का मतलब है कि हनुमान जी अपने गुणों का वर्णन स्वयं कर रहे हैं। जो भगवान राम के प्रति उनकी अटूट भक्ति और समर्पण को दशार्ता है। वही भजन संध्या में नाम है तेरा तारणहार कब तेरा दर्शन होगा, जो खेल गए प्राणों पर श्रीराम के लिए वे हनुमान हैं हमारे लिये, जनम-जनम का साथ है तुम्हारा-हमारा आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। हरिदेव मंदिर के सेवायत सभासद अमित गोस्वामी ने बताया कि सावन माह के प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी के दरबार में एक साथ एकत्र होकर सभी भक्त हाजिरी लगाने आते हैं। भंडारे में सैकड़ों संतों ने प्रसादी पाई है। इस अवसर पर प्राचीन जंगलेश्वर मंदिर के महंत डॉ. दीनबंधु महात्यागी जी महाराज, भागवत आचार्य पूर्ण प्रकाश कौशिक जी महाराज, वेदपाठी रोहित मिश्रा, समाजसेवी हरे कृष्णा चौधरी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश पहलवान आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता है


**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ्२ आदर्श ्स्र्र के तत्वाधान में पेरेंट्स काउंसलिंग प्रथम चरण का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह द्वारा किया गया श्रीमती नीतू यादव वित्त लेखा अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय से श्री विकास पांडे जिला समन्वयक समेकित शिक्षा से,श्रीमती प्रतिभा सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का बुके एवं मोमेंट को देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता है,जिसके आधार पर बच्चों का उज्जवल भविष्य सवारने की बात कही गई अभिभावकों से विशेष आग्रह करते हुए कहा,कि वह अपने दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके श्रीमती नीतू यादव द्वारा भी बच्चों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं को सभी तक लाभ पहुंच सके, हर संभव प्रयास करने के लिए कहा गया ।जिला समन्वयक श्री विकास पांडे जी समेकितशिक्षा द्वारा बच्चों के खेलकूद कार्यक्रम ,मेडिकल कैंप , करेक्टिवसर्जरी के बारे में विस्तार से बताया गया ।एआर पी श्री मनोज पांडे जी द्वारा गत वर्ष की दिव्यांग बच्चों की होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया ।श्रीमती पूनम सिंह स्पेशल एजुकेटर दिव्यांग बच्चों के होने का कारण जन्म के पहले ,जन्म के समय, और जन्म के बाद के बारे में विस्तार से बताया गया ।

# मकान भरभराकर गिरने से तीन लोग हुए घायल

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**, दफौट क्षेत्र के नायल गांव में मंगलवार अर्धरात्रि बाद रात बीतते समय एक मकान अचानक भरभराकर गिर गया। जिस समय मकान गिरा उस समय घर के अंदर पति-पत्नी और बेटी सोए हुए थे।मकान की छत में लगी बल्लिया टूटने की आहट सुनते ही परिवारजन एकाएक नींद से जग गए।घटना के बाद छत की बल्ली टूटने के बाद पत्थरोंके गिरने से परिवार के लोग भी चोटिल हो गए।गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद मलवे में दबे लोगों ने तीनों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के बाद तीनों को छुट्टी दे दी गई है। घटना में पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया है।दफौट क्षेत्र के नायल गांव में मंगलवार रात्रि में साढ़े तीन बजे बाद एक मकान भरभराकर गिर गया। उस वक्त परिवार के लोग गहरी नींद में थे। इस हादसे में 47 वर्षीय रंजीत, उनकी पत्नी 33 वषीर्या नीमा देवी और उनकी 13 वषीर्या पुत्री कोमल मलबे में दब गए।तीनों को हल्की चोट आई है। आस पास के लोगों ने उनके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनी। मौके पर जाकर देखा तो सभी कमरे के अंदर दबे थे। उन्होंने तीनों को सुरक्षित बाहर निकालकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि उनकी दो बकरियां भी दब गई थीं। उन्हें भी सुरक्षित निकाल लिया है। अब वह अपने चचेरे भाई के यहां शरण लेंगे। प्रभावित परिवार को क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास के विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास नेमुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल 50 हजार रुपये देने की घोषणा की।वहीं रेड क्रॉस के चेयरमैन इंद्र सिंह फर्खाण घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे। रेडक्रॉस के चेयरमैन इंद्र सिंह फर्वाण ने कहा कि उनको तत्काल रेट क्रॉस द्वारा राहत सामग्री भेजी गई है। तीनों का उपचार कर रहे वरिष्ठ फिजिशियन डॉ चंद्र मोहन भैसोड़ा ने कहा की तीनों को मामूली चोट है तीनों का उपचार कर घर भेज दिया है। इधर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि जल्द राजस्व उप निरीक्षक को मौका मुआयाना के लिए भेजा जाएगा। उनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# स्याना हिंसा मामला: इंस्पेक्टर सुबोध की हत्या के 5 दोषी करार, 33 अन्य भी दोषी घोषित

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर हिंसा मामले में 7 साल बाद कोर्ट ने 38 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा का ऐलान अब शुक्रवार यानी एक अगस्त को होगा। स्याना कोतवाली क्षेत्र के महाव गांव में गोवंश के अवशेष मिलने पर चिंगरावठी में 2018 में हिंसा और आगजनी हुई थी।

भीड़ ने चिंगरावठी पुलिस चौकी को फूंक दिया था। हिंसा में स्याना कोतवाली के इंस्पेक्टर समेत 2 लोगों की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में मौजूदा जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान सहित 44 लोगों को आरोपी बनाया था। इनमें से 5 की मौत हो चुकी है, जबकि एक आरोपी नाबालिग था, जो रिहा हो चुका है।

मामले में प्रशांत नट, डेविड, जोनी, राहुल और लोकेंद्र को इंस्पेक्टर सुबोध की हत्या का दोषी पाया गया है। ये सभी गांव चिंगरावठी थाना स्याना के रहने वाले हैं। जबकि अन्य 33 बलवा, हिंसा और हत्या के प्रयास के दोषी करार दिए गए हैं। हिंसा का मुख्य आरोपी जिला पंचायत सदस्य और हिंदू संगठन से जुड़ा योगेश राज कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर आया है। फैसले को देखते हुए कोर्ट में 2 थानों की फोर्स को तैनात थी अभियुक्त पक्ष के वकील अशोक डागर ने बताया- आज कोर्ट को फैसला सुनाना था। फैसला ढाई बजे आना था। कुछ आरोपी बाद में पेश हुए। उन्होंने कहा कि जज साहब ने साढ़े तीन बजे मामले में सभी 38 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा का ऐलान एक अगस्त को होगा। हम दोष सिद्धी के फैसले पर संतुष्ट नहीं हैं। मामले में फैसला आने के बाद हाई कोर्ट जाएंगे। फिलहाल सभी दोषी पुलिस कस्टडी में जेल ले जाए गए हैं 3 दिसंबर 2018 को क्या हुआ था 3 दिसंबर, 2018 को स्याना कोतवाली के गांव महाव में गोवंश के अवशेष मिले थे। इसकी सूचना पर हिंदूवादी संगठन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोकशी का विरोध किया। आरोप है कि योगेश राज ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को इकट्?ठा किया और उन्हें भड़काया भीड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गोवंश के अवशेषों को भरकर बुलंदशहर हाईवे स्थित चिंगरावठी पुलिस चौकी पर पहुंच गई। भीड़ ने हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया। पुलिस ने लोगों रोकने का प्रयास किया तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस चौकी फूंक दी। हिंसा के दौरान तत्कालीन कोतवाल सुबोध कुमार भीड़ को काबू करने में शहीद हो गए थे। चिंगरावठी के रहने वाले युवक सुमित की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आनन-फानन में पुलिस ने गोकशी के 10 आरोपियों पर केस दर्ज किया था, तब जाकर मामला शांत हुआ था।

### 27 नामजद समेत 60 लोगों पर हुआ था केस

हिंसा के बाद कोतवाली में तैनात एसआई सुभाष सिंह ने तहरीर दी थी। इसमें वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य योगेश राज को मुख्य आरोपी बनाया था। इसके अलावा, 27 लोगों को नामजद करने के साथ हिंसा फैलाने के आरोप में 60 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था जबकि गोकशी के आरोप में 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि, पुलिस की चार्जशीट में इस मामले में 44 लोग ही आरोपी मिले। बाकी 16 लोगों के खिलाफ सबूत नहीं मिले, इसलिए उनके नाम केस से हटा दिए गए 44 आरोपी जेल भेजे गए थे तत्कालीन कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया– हिंसा के बाद पुलिस ने 44 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इनमें से 5 की मौत हो चुकी है। एक आरोपी नाबालिग था। जो रिहा हो चुका है। बाकी 38 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज है। इनमें से 4 आरोपी जेल में हैं, 34 जमानत पर हैं मुख्य आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत चिंगरावठी के रहने वाले मुख्य आरोपी जिला पंचायत सदस्य योगेश राज कुछ एक महीने पहले ही सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। हिंसा में शहीद कोतवाल सुबोध कुमार की लाइसेंसी पिस्टल का पुलिस आज तक पता नहीं लगा सकी है।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन एवं माधोपुर का किया औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विकास खण्ड मथुरा के प्राथमिक विद्यालय माधोपुर तथा श्री भगत सिंह प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में लगे हैंड पंप, बैठने हेतु फर्नीचर, शौचालय, पेयजल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को हाइजीन / स्वच्छता के प्रति जागरूक करना अध्यापकों की जिम्मेदारी है। शिक्षक सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे स्कूल ड्रेस पहने। उन्होंने उपस्थित बच्चों की संख्या की जानकारी ली तथा छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थित रजिस्टर को चेक किया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को अधिकाधिक नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया।

# शादी के बाद मिला जुल्मों का तोहफा, एक करोड़ रुपये और फारच्यूनर कार की मांग

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवती ने अपने पति और ससुरालियों पर एक करोड़ रुपये नकद और फारच्यूनर कार की मांग पूरी न करने पर शारीरिक, मानसिक और यौन शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उसका विवाह 16 सितंबर 2024 को गुरुद्वारा मॉडल टाउन निवासी से हुआ था।शादी के कुछ समय बाद ही पति, ससुर और सास ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि वे तीनों उसे रोज ताने मारते थे और कहते थे कि ₹हमारे लड़के की शादी मुफ्त में कर दी, जबकि हमारे पास एक करोड़ रुपये के ऑफर थे।₹ इसी को लेकर पीड़ित महिला से एक करोड़ रुपये नकद और फारच्यूनर कार मायके से लाने की मांग की जाती थी। इतना ही नहीं, पति ने न सिर्फ पीड़िता से मारपीट की, बल्कि शादी के पहले ही दिन से जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का दबाव डालता रहा। वीडियो बनाने की भी धमकी दी, यह कहकर कि ₹ये पति-पत्नी का निजी मामला है। पीड़ित महिला के अनुसार जब उसने ससुर से इस बारे में बात करने की कोशिश की, तो पति ने उसे धमकाया कि अगर पिता को कुछ हुआ (जिनकी अक्टूबर 2024 में हार्ट सर्जरी हुई थी) तो वह और उसके मां-बाप जिम्मेदार होंगे। 21 जून 2025 को आरोपियों ने पीड़िता को पहनावे में ही घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया और कहा कि ₹अगर इस घर में वापस आना है तो एक करोड़ रुपये और फारच्यूनर लेकर आना।₹ इसी दौरान पीड़िता ने अपने बहनोई को कॉल किया तो पति ने उसका मोबाइल छीन लिया और उनसे भी गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद 25 जुलाई 2025 को आरोपी के चाचा के कहने पर समझौते के लिए मॉडल टाउन स्थित बुटीक₹ पर बैठक हुई। लेकिन वहां भी पति ने पीड़िता व उसके माता-पिता और ताया जी से अभद्रता की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की सप्तम बैठक

**वेलकम इंडिया**






**मथुरा।** सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं के प्रति चिंता व्यक्त की गई है। मुख्यमंत्री जी का उद्देश्य प्रदेश में विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उक्त के क्रम में दिनांक 30.07.2025 को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की सप्तम बैठक एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त स्टॉक होल्डर्स को निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में जनपद में सड़क दुर्घटनाएं न होने पाएं, उन्होंने एआरटीओ मथुरा को निर्देशित किया है कि जनपद में सर्वाधिक दुर्घटना वाले थानों को चिन्हित कर एआरटीओ, पीडब्लूडी, पुलिस विभाग संयुक्त टीम बनाकर निरीक्षण करें, कि किस स्थान पर ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही हैं, उसका कारण एवं निवारण निकालकर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में कार्य कराए जाएं। दुर्घटना होने की स्थिति में घायल व्यक्तियों को तुरंत ही नजदीकी अस्पताल में पहुँचाया जाए, जिससे कि घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके, जो भी व्यक्ति घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जायेगा उससे किसी भी प्रकार की कोई भी पूछताछ नहीं की जायेगी और उस व्यक्ति को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा। उस व्यक्ति को गुड सेमेटेरियन के नाम से पहचाना जायेगा। बैठक में उपस्थित जनपद के विभिन्न स्थानों से आए प्रधानाचार्य/प्रबंधकों को यह निर्देशित किया गया है कि वे अपने विद्यालयों में संचालित वाहनों की फिटनेस एवं परमिट की वैधता पूर्ण होने के बाद ही वाहनों को मार्ग पर संचालित करें। अन्यथा कि स्थिति में उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए अपराधिक मामला दर्ज कराया जायेगा। दिनांक 30.07.2025 तक जनपद में स्कूलों में संचालित 46 वाहनों की फिटनेस समाप्त है, 91 वाहनों के परमिट समाप्त हैं, एवं 114 स्कूली वाहन 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं।

एआरटीओ राजेश राजपूत ने समस्त स्कूल संचालकों को निर्देशित किया है कि दो दिन के अन्दर अपने वाहनों के प्रपत्र पूर्ण करा लें, अन्यथा उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उनके विद्यालयों की मान्यता समाप्त कराने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को संस्तुति कर दी जायेगी।

# बरसात के दौरान गिरी जर्जर इमारत की दीवार



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बे के सौंख अड्डे तिराहे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को आई बरसात के दौरान माखन मिश्री रेस्टोरेंट की जर्जर इमारत की दीवार विद्यालय कक्ष के बराबर में गिरने से अफरा तफरी मच गई।दीवार गिरने की आवाज सुनकर बच्चो को पढ़ा रहे अध्यापक घटना स्थल की तरफ दौड़े और क्लास में पढ़ रहे बच्चो को क्लास में से सुरक्षित निकाला। दीवार गिरने से बच्चों को किसी भी तरह की कोई चोट नही आई। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अधिकारियों को इस घटना से अवगत कराया दिया गया है। गोवर्धन एसडीएम को भी इस संदर्भ में एक लिखित प्रार्थना पत्र दे दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का खेत में पड़ा मिला शव


**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव खदाना में एक वृद्ध कि संदिग्ध हालात में मौत हो गई, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार सुबह करीब सात बजे किसान खेत में काम करने के लिए रास्ता से गुजर रहे थे।तभी मार्ग के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खदाना निवासी ओमवीर सिंह पुत्र हुक्म सिंह उम्र करीब 55 साल थी। बताया गया है कि यह मंगलवार की दोपहर से बिना बताए घर से लापता था। सुबह उसका खेत में पड़ा हुआ शव मिला है। चर्चा है कि पारिवारिक कलह के कारण उसने जहरीला पदार्थ खा कर अपनी जीवन लीला समाप्त की है।थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने बताया कि अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# साहू समाज के विरुद्ध अमर्यादित एवं असंसदीय भाषा बोलने पर दिया ज्ञापन


**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा ने राकेश कुमार साहू के नेतृत्व में जिला देवरिया के निर्वाचित सांसद रमाशंकर राजभर द्वारा तेली समाज के विरुद्ध अमर्यादित एवं असंसदीय भाषा के द्वारा समाज में विद्वेष फैलाने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से अनुशासन समिति लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि सलेमपुर जनपद देवरिया उत्तर प्रदेश का निर्वाचित सांसद रमाशंकर राजभर ने तेली समाज के विरुद्ध अमर्यादित एवं असंसदीय भाषा का प्रयोग कर मोबाइल से पोस्ट किया। यह पोस्ट वायरल होने पर देश का तेली समाज मार्माहित है। रमाशंकर राजभर द्वारा की गयी इस प्रकार की टिप्पणी से समाज में वर्ग संघर्ष कराने का अपराध किया है, ऐसी दशा में जाँच करा कर दोषी सांसद के विरूद्ध कार्यवाही कि जाने की मांग की। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद साहू, रोहित साहू, राकेश, अमित साहू, सोनू साहू आदि लोग मौजूद रहे।

# अपना दल (एस) के मुरादाबाद परिक्षेत्र अध्यक्ष का स्याना में भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** अपना दल (एस) के मुरादाबाद परिक्षेत्र के अध्यक्ष जकी उल नासिर का नोएडा जाते समय स्याना स्टेट हाईवे स्थित अपना दल (एस) विधानसभा क्षेत्र कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत स्याना विधानसभा अध्यक्ष दीपक कुमार गौतम के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर जकी उल नासिर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पूरे प्रदेश में तेजी से विस्तार कर रही है और अब वह समय दूर नहीं जब अपना दल (एस) उत्तर प्रदेश की नंबर एक पार्टी बनेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी। ज़िला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। इस अवसर पर मुरादाबाद परिक्षेत्र अध्यक्ष जकी उल नासिर के साथ ज़िला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी, स्याना विधानसभा अध्यक्ष दीपक कुमार गौतम, ज़िला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सैन, मोहित शर्मा, ज़िला सचिव ललित लोधी, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुसाफिरों की जान को खतरा बने नाबालिक बालक, प्रशासन बेसुध

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर।** नगर में संचालित ई-रिक्शा जाम का कारण बन रही हैं वहीं ई रिक्शा ओ को स्टेरिंग नोसिखिए नाबालिगों के हाथ में आ जाने से दुर्घटनाएं होने की भी संभावना बनी हुई लोगों का मानना है कि जाम का मुख्य कारण ई रिक्शा बन रहे हैं। ई रिक्शा नगर के गली मौहल्लों में भरमार है जो कि जाम की वजह साबित हो रहे हैं। मजे की बात यह कि प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है नगर में नोसिखिए व नाबालिक बच्चे ई रिक्शा चला रहे हैं। चाहे हादसा क्यों न हो जाए नोसिखिएई रिक्शा ओ को उल्टे सीधे ढंग से दौड़ते हुए नगर के बीच से निकल रहे हैं खटारा रिक्शा भी सरपट दौड़ रहे है बता दें कि नगर में ई रिक्शा ओ की कुछ ज्यादा तादात हो गई इनकी वजह से बाजार भी जाम होने लगा है नगर में बच्चों की रिक्शा चलाने की वजह से कई बार इनसे दुर्घटनाएं भी रही हैं। इस पर लगाम के लिए शासन ने इनका रजिस्ट्रेशन करने का निर्णय लिया था। नियम यह भी है कि रजिस्ट्रेशन के साथ बीमा भी कराना होगा ड्राइविंग लाइसेंस भी अनिवार्य है बावजूद इसके सड़कों पर बिना रजिस्ट्रेशन के रिक्शा चल रहे हैं। लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

# मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की तैयारिया पूर्ण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन पूर्णतः सतर्क और तैयार है। आज होने वाली मतगणना को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगांई और चुनाव प्रेक्षक चन्द्र सिंह इमलाल ने संयुक्त रूप से मतगणना स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ निर्वाचन प्रेक्षक चंद्र सिंह इमलाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने ब्लॉक कार्यालय कपकोट, बागेश्वर डिग्री कॉलेज परिसर एवं गरुड़ ब्लॉक कार्यालय में जाकर मतगणना केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की।गरुड़ ब्लॉक कार्यालय में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर्स और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स को मतगणना संबंधी सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, और किसी भी स्तर पर लापरवाही नही करने, और मतगणना प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारी एवं कार्मियों को अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी, तटस्थता और सजगता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक चंद्र सिंह इमलाल ने भी मतगणना स्थलों पर की जा रही तैयारियों को संतोषजनक बताया और कहा कि मतगणना के दौरान सभी अधिकारी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, मौके पर मेडिकल टीम, पेयजल, बिजली, सीसीटीवी कैमरे तथा मीडिया कवरेज की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की है।

# दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध सड़क निर्माण की मांग



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान के दर्जनों लोगों ने टूटी हुई सड़क नहीं बनने एवं पानी की निकासी नहीं होने पर नगर पालिका के विरुद्ध प्रदर्शन कर निस्तारण की मांग की है।आरोप है कि एक 10 वर्षीय बालिका कीचड़ में फिसल कर गंभीर रूप से चोटिल हो गई इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। बुधवार को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी मुस्तफा, साकिर, शहजाद, मोईन, डॉक्टर वसीम, अशरफ मेंबर, महताब जंग, नसीम ठाकुर, साबिर, राजा, आबिद, साजिद, तमीम, सहित आदि लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले में काफी दिनों से सड़क टूटी पड़ी है और नालियों की भी मरम्मत नहीं है। बरसात होते ही सड़कों पर कीचड़ फैल जाता है और पानी की निकासी नहीं होने के कारण लोगों के घरों में पानी भरा रहता है। जिस कारण मोहल्ला निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय भमेड़ा घटना में एबीएसए एवं प्रधानाध्यापक की लापरवाही हुई उजागर



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़/**, बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव भमैड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय लेटर का प्लास्टर गिरने पर दो स्कूली छात्रों के घायल होने के मामले को लेकर पुलिस प्रशासनिक शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों के द्वारा घटनास्थल का दौरा कर घायल छात्रों का हाल-चाल पूछ कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करने के उपरांत डीएम अभिषेक पांडे के द्वारा घटना की जांच कराने के निर्देश देते हुए जांच कमेटी गठित की गई थी। जिसमें जांच कमेटी में शामिल सदर एसडीएम,बीडीओ एवं अभियंता के द्वारा जांच के दौरान पता चला है कि 20 दिन पूर्व भी कक्षा में छत का प्लास्टर टूट कर गिरा था।उसके बावजूद भी प्रधानाध्यापक एबीएसए के द्वारा इस मामले को लेकर कोई संज्ञान नहीं लिया गया था। जिसमें लापरवाही उजागर हुई है। सूत्रों की माने तो जांच रिपोर्ट लगभग पूरी हो चुकी है। जांच रिपोर्ट डीएम के समक्ष बीएसए के द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वालो के विरुद्ध जिला अधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा विधिक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के खजुरी गांव (मिजार्मुराद) के सामने हाइवे पर बुधवार को करीब एक बजे प्रयागराज से वाराणसी जा रही कार के धक्के से कपसेठी थाना क्षेत्र के लहिया गांव निवासी बाइक सवार विशाल बिन्द गम्भीर रूप से घायल हो गये पुलिस द्वारा घायल युवक को खजुरी स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।वही दूसरी घटना रखौना गांव के पास रिंग रोड पर हुआ जहां अज्ञात ट्रक के धक्के से कार सवार महिला गाजीपुर जिले के बहरियाबाद थाना क्षेत्र के ओकराव गांव निवासिनी अमरावती देवी घायल हो गई वही कार चालक बाल बाल बचा मौके पर पहुँची पुलिस ने अस्पताल भेजवाकर भर्ती करवाने के बाद घटना की सूचना परिजनों को दिया।तीसरी घटना मंगलवार की देर रात हुई जब ट्रक चालक ट्रक खड़ी कर रखौना रिंग रोड के सामने हाइवे क्रॉस कर रहा था उसी समय हरहुआ के तरफ से आ रही कार ने ट्रक चालक फतेहपुर जिले के बहुआ निवासी विपिन सिंह को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ट्रक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक चालक को इलाज हेतु बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजकर भर्ती करवाया गया।

# नवाबगंज की बंद पड़ी खेतान फैक्ट्री से पकड़ा गया तेंदुआ

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** नवाबगंज के फैजुल्लापुर में वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में मंगलवार देर रात तेंदुआ कैद हो गया। इसी के साथ दो माह से दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। तेंदुआ पकड़ने की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पिंजरे में कैद हुए तेंदुए को वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। चर्चा है कि तेंदुए को टाइगर रिजर्व भेजा जाएगा। आपको बता दें कि नवाबगंज में करीब दो माह से तेंदुए की दहशत थी। तेंदुए की दहशत की वजह से लोग अपने खेत और बागों में नहीं जा रहे थे। तेंदुए ने नवाबगंज के फैजुल्लापुर की खेतान फैक्ट्री को अपना ठिकाना बना रखा था। हालांकि तेंदुए ने किसी भी स्थानीय ग्रामीण पर हमला नहीं किया था लेकिन वह लगातार जानवरों का शिकार कर रहा था। लगातार तेंदुए की फुटेज और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। तेंदुआ होने की पुष्टि सबसे पहले खेतान फैक्ट्री के चौकीदार नसीम ने की थी। चौकीदार ने तेंदुए की वीडियो बनाकर वन विभाग को उपलब्ध कराई थी। इसके बाद से ही वन विभाग की टीम तेंदुए को पकाने का प्रयास कर रही थी। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए खेतान फैक्ट्री परिसर में अलग-अलग पिंजरे लगाए थे। कई बार वन विभाग की टीम को गच्चा देने के बाद मंगलवार देर रात तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। जिसको देखने के लिए सुबह सैकड़ो ग्रामीण पहुंच गए। तेंदुआ पकड़ने की जानकारी होने पर नवाबगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम तेंदुए को लेकर रवाना हो गई। चर्चा है कि पकड़े गए तेंदुए को टाइगर रिजर्व भेजा जाएगा। लेकिन अभी भी ग्रामीणों में चर्चा है कि तेंदुए के साथ कई बार उसके तीन शावकों को भी देखा गया था। जो कई बार तेंदुए के साथ फैक्ट्री की दीवार और खेत में देखे गए थे। लेकिन वन विभाग की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि तेंदुए के साथ उसके तीन शावक देखे गए थे।

# संघर्ष सेवा समिति कार्यालय मनाया गया अनिल पाठक एवं राजू सेन का जन्मदिवस

**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों के पारिवारिक कार्यक्रमों के क्रम में लगातार जन्मदिवस और वैवाहिक वर्षगांठ जैसे कार्यक्रम कई वर्षों से आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में समाजसेवी एवं भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अनिल पाठक एवं डॉ० संदीप के सुख दुख के साथी राजू सेन का जन्मदिवस मनाया गया। संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर आमंत्रित कर दोनों का तिलक एवं माल्यार्पण कर केक काटा गया। साथ ही सभी सदस्यों द्वारा उन्हें जन्मदिवस और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयीं। अनिल पाठक विगत कई वर्षों से राजनीति के साथ समाजसेवा और धार्मिक कार्यों में सहभागिता करते आ रहे हैं वे संघर्ष सेवा समिति के साथ भी कई सामाजिक कार्यों में



सम्मिलित रहे। वहीं राजू सेन डॉक्टर संदीप के 30 वर्ष पुराने मित्र हैं और अनवरत समाजसेवा के साथ कार्यालय पर भी अपनी बहुमूल्य सेवायें देते हैं। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा आज दोनों सदस्य जिनका जन्मदिवस संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर मनाया गया यह मेरे जीवन का अभिन्न अंग है। दोनों सहयोगियों ने एक कुशल सलाहकार एवं सहयोगी की तरह मेरा सहयोग किया है। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर मैं कामना करता हूं आप दोनों पर माता रानी की कृपा बनी रहे, आपका जीवन मंगलमय एवं भविष्य उज्जवल हो। इस अवसर पर प्रियांशु पाठक, धीरज साहू, धर्मेंद्र खटीक, सचिन पुरोहित, धर्मेंद्र, संदीप नामदेव, ऐश्वर्य सरावगी, अक्षय, कमल मेहता, बसंत गुप्ता, महेंद्र रायकवार, रेशमा, सुशांत गेड़ा, मास्टर मुन्नालाल, मोना रायकवार, राहुल रायकवार, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुमन साहू आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो गिरफ्तार, दो फरार, एक सिपाही भी गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना फरीदपुर पुलिस ने मंगलवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट और चोरी की घटनाओं में वांछित दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हुआ है। दोनों के कब्जे से चोरी व लूट की मोटर साइकिलें, अवैध तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद हुए हैं। बदमाशों के दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। उनकी तलाश जारी है। इस दौरान बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली से एक सिपाही भी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फरीदपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध बदमाश इनायतपुर नहर से चोरी और लूट की गई बाइक के साथ रहपुरा नहर पटरी पर मौजूद हैं। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुँची, तो चार युवक दो बाइक के साथ दिखे। पुलिस को देखते ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक बदमाश लालाराम को गोली मारकर दबोच लिया, उसके साथी सरताज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान कांस्टेबल मेघश्याम भी घायल हो गए। उपचार के लिए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम लालाराम पुत्र बाबूराम निवासी पीलीभीत, सरताज पुत्र शहीद अहमद बरेली के पास से एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा व 2 खोखा कारतूस, एक चाकू व दो हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने कबूला कि बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल उन्होंने इनायतपुर नहर से चोरी की थी और दूसरी बाइक बेनीपुर नहर पटरी से लूटी थी। वारदात में उनके दो साथी ताहिर उर्फ गुड्डू और बाबू भी शामिल थे। गोली लगने से घायल अभियुक्त लालाराम व कांस्टेबल मेघश्याम को सीएचसी फरीदपुर में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं इस मुठभेड़ को लेकर थाना फरीदपुर के प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया है कि बदमाश बेहद शातिर हैं, इनकी गिरफ्तारी से कई घटनाएं खुल गईं हैं। फरार आरोपियों की तलाश में टीमें रवाना कर दी गई हैं। मुठभेड़ पूरी तरह आत्मरक्षा में की गई।

# गृह क्लेश के चलते 55 वर्षीय व्यक्ति ने मध्य गंगनहर में लगाई छलांग



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने को लेकर मध्य गंगनहर में लगाईं छलांग घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा गोताखोरों की मदद से तलाश जारी,पुलिस मामले की जांच में जुटी। आपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव छपकौली निवासी किरण पाल बुधवार की सुबह मध्य गंग नहर पुल के आसपास घूम रहे था। इसी बीच उसने पुल से नहर में छलांग लगा दी। मौके पर खड़े प्रत्यक्षदर्शी कुछ समझ पाते तब तक वह डूब चुका था। उसके डूबने की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बाबूगढ़ पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किरण पाल की तलाश शुरू की। लेकिन कामयाबी नहीं मिलने पर तुरंत बृजघाट से गोताखोरों को बुलवाया।और गोताखोर किरण पाल की तलाश में जुटे हुए हैं। वही पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद का सामने आया है।

बताया जा रहा है की किरण पाल का पिछले कई दिन से पारिवारिक क्लेश चल रहा था। जिसके चलते उसने नहर में छलांग लगाकर जीवन लीला समाप्त करने का कदम उठाया है। लेकिन पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच में जुटी हुई है।

# बरेली नगर निगम में चहेतों को भुगतान कर 100 करोड़ रुपये का किया घपला




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** नगर निगम में नियमों को ताक पर रखकर चहेतों को भुगतान किया गया। तीन वर्षों के ऑडिट में सौ करोड़ रुपये से अधिक का घपला सामने आया है। कई मामलों में अनियमित रूप से धन का व्यय दिखाया गया है। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के ऑडिट की आपत्तियों पर जवाब देने के बजाय जिम्मेदार लीपापोती में जुट गए हैं।वर्ष 2020-21 में हुए ऑडिट में 36 मामलों में 63.73 करोड़ रुपये की अनियमितता सामने आई। वर्ष 2021-22 में निगम के आय-व्यय का फिर ऑडिट हुआ तो उसमें 26 मामलों में 25.46 करोड़ रुपये की हेराफेरी एवं नियम विरुद्ध भुगतान पाया गया। मामला यहीं नहीं थमा। वर्ष 2022-23 के ऑडिट में 22 मामलों में 82.14 करोड़ रुपये से संबंधित गड़बड़ियां सामने आईं। ऑडिटरों ने तीन वर्ष के ऑडिट में 171 करोड़ रुपये के हिसाब-किताब पर सवाल खड़े किए हैं। इसमें से करीब सौ करोड़ रुपये का भुगतान अनियमित खर्चों से जुड़ा है। इन आपत्तियों पर नगर निगम के जिम्मेदार कुंडली मारे बैठे हैं।

# धूमधाम से मनाया गया ब्रज के प्रख्यात सन्त बाबा गोपाल दास लघुसखी महाराज का 80वां वार्षिक प्राकट्य महोत्सव

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** रमणरेती रोड़ स्थित होटल मुरलीवाला में श्रीकृष्ण सखा संकीर्तन मंडल, पानीपत (हरियाणा) के द्वारा ब्रज के प्रख्यात रससिद्ध सन्त अनन्तश्री विभूषित बाबा गोपाल दास ₹लघुसखी₹ महाराज का 80वां वार्षिक प्राकट्य महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत प्रातः काल समस्त भक्त मण्डल के द्वारा पूज्य महाराजश्री के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन अर्चन किया गया।साथ ही सन्त, ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के आयोजन हुए।

इस अवसर पर आयोजित सन्तविद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूज्य महाराजश्री के परम कृपापात्र महन्त सुन्दरी शरण महाराज (सोनू भैया) ने कहा कि हमारे सद्गुरदेव बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) राधा वल्लभ संप्रदाय की बहुमूल्य निधि



थे।वे श्रीजी के परम उपासक व अत्यंत फक्कड़ संत थे।उनके पास जो भी धन उनके भक्तों व शिष्यों के द्वारा आता था,उसे वे निर्धनों व निराश्रितों में खर्च कर दिया करते थे।उन्होंने आजीवन रास्मंडल पर रहकर ही कठोर भगवत साधना की। प्रख्यात सन्त डॉ. शिवहरि दास महाराज (हेलीकॉप्टर बाबा) एवं प्रमुख समाजसेवी राजू सैनी (होटल मुरली वाला) ने कहा कि संत प्रवर बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) राधा वल्लभ संप्रदाय के गौरव थे।उन्होंने आजीवन सेवाकुंज की नित्य प्रति सोहनी सेवा की।उन जैसे संतों का अब युग ही समाप्त होता चला जा रहा है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं भागवत निवास के सन्त जुगल दास महाराज ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) श्रीधाम वृन्दावन के प्राचीन स्वरूप के परिचायक थे।वे नित्य प्रति यमुना पार स्थित अपनी एक छोटी सी कुटिया में जाकर एकान्त में भगवद् भजन किया करते थे।साथ ही उन्हें पद्य रचना में महारथ हासिल था।उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और कई प्रकाशनाधीन हैं। सायं काल दिव्य सरस भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रख्यात भजन गायक बाबा बिहारी दास महाराज, आचार्य रविनंदन शास्त्री, भैया वरुण तोमर, साहिल-दीपक सांवरिया आदि ने ठाकुर श्रीराधा कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर श्रीराधावल्लभ संप्रदायाचार्य निमेश गोस्वामी, श्रीमहंत ओमेन्द्र चौहान (मनोना धाम), विनोद मल्होत्रा, कमल कपूर, सन्त रासबिहारी दास, डॉ. राधाकांत शर्मा, श्याम लाल खुराना, हेमन्त रमण, यशवंत बटला, नितिन आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# छात्र के साथ मारपीट की वीडियो वायरल, में एनसीआर दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड से बाइक सवार युवक एक युवक को बाइक पर बिठाकर अज्ञात स्थान पर ले गए और युवक के साथ जमकर मारपीट की थी। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। पुलिस ने पीड़ित छात्र की तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज नहीं होने पर पीड़ितों ने सीओ कैराना से मिलकर मुकदमा दर्ज करने व धारा बढाए जाने की मांग की है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी रिहान पुत्र अंसार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित विंगत रविवार को अपने मामा के घर से आ रहा था। जैसे ही पीड़ित कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड पर पहुंचा तो आरोप है कि साकिब, दानिश व बिलाल उर्फ बिल्ला पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला आलखुर्द कैराना अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आए और पीड़ित को अज्ञात स्थान पर ले गए। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए अकरम नाम के युवक के खिलाफ गाली गलौज दिलवाई। किसी तरह पीड़ित आरोपियों के चंगुल से छुटकर मैन रोड पर आया और राहगीरो की मदद से घर पहुंचा।

# वीरता, स्वामी भक्ति, बुद्धि-ज्ञान आदि के भंडार हैं हनुमानजी महाराज : वैष्णवाचार्य मारुतिनंदनाचार्य वागीशजी महाराज

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** रुक्मिणी विहार रोड़ (निकट केशव धाम) स्थित भागवत पीठ में सत्य सनातन सेवार्थ संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट,वृन्दावन के द्वारा श्रावण मास के पावन उपलक्ष्य में सप्तदिवसीय 28वां श्रावण झूलन भागवत महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को सायं काल श्रीहनुमद् आराधन मंडल के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया।साथ ही श्रीहनुमानजी महाराज की आरती की गई। इस



अवसर पर आचार्य/भागवत पीठाधीश्वर वैष्णवाचार्य मारुति नंदनाचार्य ₹वागीशजी₹ महाराज एवं युवराज श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज समस्त सद्गुणों की खान हैं। उनमें वीरता, स्वामी भक्ति, बुद्धि-ज्ञान आदि का भंडार है।जो व्यक्ति जिस कामना से उनकी पूजा-अर्चना करता है,उसकी कामना वे निश्चित ही पूर्ण करते हैं। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं भागवताचार्य डॉ. अशोक शास्त्री ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज भक्ति शिरोमणि हैं।कलिकाल में श्रीहनुमानजी की आराधना के बिना भगवान श्रीरामजी की भक्ति प्राप्त कर पाना असम्भव है। श्रीराम कथा मर्मज्ञ अशोक व्यास एवं डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ सभी बाधाओं को दूर करने वाला है।इस पाठ को करने से श्रीहनुमानजी महाराज शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का खौफ, रात्रि में जागकर पहरा दे रहे ग्रामीण

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला और गांव गढ़ी दौलत में चोरी के बाद चोरों का खौफ ग्रामीणों में बढ़ता जा रहा है। लगातार क्षेत्र के गांव जसाला, गढ़ी दौलत, गंगेरू व मलकपुर सहित कई गांवों में ग्रामीण रात्रि में पहरा देने को मजबूर है। सोशल मीडिया पर ग्रामीणों की बातचीत का एक ऑडियो वायरल हो रहा है, कि पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह के फार्म हाउस के पास भी बदमाश देखे गए हैं। उक्त मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव जसाला में कई दिन पूर्व चोरों ने कई घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, जबकि कई घरों में चोरी का प्रयास भी किया था। जाग



होने पर बदमाशों ने मां बेटे को गोली मार दी थी। जिसमें मां बेटा घायल हो गए थे। जसाला में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने अगले ही दिन पुलिस को चुनौती देते हुए क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में भी एक मकान से हजारों की नगदी और लाखों के जेवरात चोरी कर दिए थे। दोनों घटनाओं के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चोरों का खौफ बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर ग्रामीणों की एक ऑडियो भी वायरल हो रही है जिसमें ग्रामीण एक दूसरे को कह रहे हैं कि पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह के फार्म हाउस के पास नकाब पोश बदमाश देखे गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो क्षेत्र के गांव जसाला, गढ़ी दौलत, गंगेरू व मलकपुर सहित कई गांवों में ग्रामीण रात-रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर है। मंगलवार की रात्रि को क्षेत्र के गांव गंगेरू में मोहल्ला गुजरान पट्टी और सादात पट्टी में चोरों के आने का शोर मचा तो ग्रामीण अपने-अपने घरों से लाठी डंडे लेकर बाहर निकले और मामले की सूचना पुलिस को दी। क्षेत्र में चारों ओर चोरों का ऐसा और मच रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग दहशत के साए में जी रहे हैं, जबकि पुलिस का दावा है कि पुलिस लगातार क्षेत्र में मॉनिटरिंग करने के साथ लगातार गस्त कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि थाने पर शांति समिति की बैठक में ग्रामीणों से अपने-अपने क्षेत्र में पहरा देने के लिए कहा गया था। पुलिस टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में गस्त कर ग्रामीणों से मिल रही है और सुरक्षा का भरोसा दिला रही है।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में सत्र 2025झ26 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नेतृत्व पदों जैसे हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, कल्चरल कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन आदि पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई।




कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने की। उन्होंने छात्रों को उनके कर्तव्यों की शपथ दिलाई प्रबंधक विनोद महेश्वरी, गौरव माहेश्वरी, एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने भी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण और निष्ठा से करें।मुख्य छात्र प्रतिनिधि हेड बॉयः वंश , हेड गर्लः गौरी, हाउस पदाधिकारी : रोज हाउस, हाउस कैप्टनः तुलिका वाइस कैप्टनः खुशबू, पॉपी हाउस, हाउस कैप्टनःवामिका, वाइस कैप्टनःवैश्नवी, जैस्मिन हाउस हाउस कैप्टनःवैश्नवी शर्मा, वाइस कैप्टनःॠषभ चौधरी, लोटस हाउस, हाउस कैप्टनः वैश्नवी गौतम वाइस कैप्टनः रचित (सांस्कृतिक कप्तान) कैप्टनःकृतिका , वाइस कैप्टनः अश्विता (खेल कप्तान ) कैप्टनःविभोर चौधरी, वाइस कैप्टनः अंकुश, सहायक पदाधिकारी- रोज हाउस , हाउस कैप्टन :अग्रिमा यादव वाइस कैप्टनः अवनी , पॉपी हाउस, हाउस कैप्टनः वर्तिका, वाइस कैप्टन :वंशिका , जैस्मिन हाउस , हाउस कैप्टनः राधिका , वाइस कैप्टन :अनुकृति, लोटस हाउस, हाउस कैप्टन :मानवी ढाका वाइस कैप्टनः माही (सांस्कृतिक कप्तान) नव्या , अवनी, (खेल कप्तान ) शिवम यादव , रौनक इस समारोह की संपूर्ण व्यवस्था नरेंद्र बालियान के निर्देशन में की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक- शिक्षिका श्रीमती सीमा मलिक,अतुल, अमित तोमर व उमेश शर्मा,देवेंद्र चौधरी,श्रीमती सुमन शर्मा, और श्रीमती सरिता गुलाटी का विशेष योगदान रहा।

# कूड़े के विकेंद्रीकरण एवं पृथक्करण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शासन के आदेश के पालन के क्रम में और अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में बुधवार को क्षमता संवर्धन के अंतर्गत कूड़े के विकेंद्रीकरण एवं पृथक्करण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत वार्ड के सभी सफाई नायक, नारी शक्ति एनजीओ की अध्यक्ष शोभा चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद कुमार आदि मजूद रहे। सीनियर फील्ड ऑफिसर नरेश चंद के द्वारा प्रशिक्षक के रूप में सभी कर्मचारियों को कूड़े के विकेंद्रीकरण, संग्रहण एवं निस्तारण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इसी के साथ साथ कर्मचारियों को कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय मे अवगत कराया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर पालिका की ओर से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अमरीश कुमार एवं दिनेश कुमार और एस. बी.एम. टीम मौजूद रही ।



## भीड़ में चोर समझ कर पकडे दो युवक माफी मांगने पर छोड़े, वीडियो वायरल



**कांधला।** कस्बे व देहात क्षेत्र में आए दिन रात में बदमाश देखें जाने का शोर मच हुआ है। ग्रामीण चोरों के डर से लाठी डंडे लेकर सारी रात पहरा दे रहे हैं, लेकिन कहीं भी बदमाश न तो पकड़े गए हैं, ओर न ही कोई वारदात की सूचना मिली है। थाना क्षेत्र मोहल्ला इदरीस बेग बिहार कालोनी में एक खाली प्लाट में दो युवक बैठे हुए थे। मुहल्ले वासियों ने देर रात दोनों को देखकर चोर होने का शोर मचा दिया। चोर होने की सूचना पर सैकड़ों लोगों ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। मोहल्ले के लोगों ने काफी देर तक दोनों से पूछताछ की। बाद में दोनों युवकों के बारे में जानकारी की गई, तो पड़ोस के दूसरे मोहल्ले के मिले। उसके बाद दोनों को फिर से रात में मोहल्ले में न आने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। मामले की पुलिस से शिकायत नहीं की गई है। दोनों के पकड़े जाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें सैकड़ो की भीड़ दोनों युवकों से पकड़कर पूछताछ करती हुई नजर आ रही है।

## रंजिश के चलते आधा दर्जन दबंगों ने की युवक के साथ मारपीट



**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी एक युवक के साथ रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बुधवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी वसीम पुत्र सत्तार ने बताया कि मोहल्ले के कई युवक पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि पीड़ित अपने मोहल्ले में घर के बाहर गली में खड़ा हुआ था आरोप है कि तभी आधा दर्जन युवकों ने पीड़ित के साथ लाठी–डंडों व बेल्टो से मारपीट कर घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर सभी आरोपी कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर कई लोगों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## चार महीने तक युवती को बंधक बनाकर बारी-बारी से किया दुष्कर्म



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने गांव के ही तीन युवकों पर बहला फुसलाकर गाड़ी में डालकर अज्ञात स्थान पर रखने के साथ ही बारी–बारी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही तीन युवक पीड़िता के परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़िता का आरोप है कि उक्त तीनों युवक पीड़िता के पिता को मुकदमे में फैसला न करने पर पीड़िता का अपहरण कर बलात्कार करने की धमकी देते थे। आरोप है कि 22 मार्च 2025 को पीड़िता अपने घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी। आरोप है कि रास्ते में तीनों युवकों ने पीड़िता को बहला फुसला लिया और अपनी गाड़ी में बैठा लिया। तीनों युवक पीड़िता को अज्ञात स्थान पर ले गए और पीड़िता के साथ बारी–बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देते रहे। आरोप है कि तीनों युवकों ने पीड़िता को चार माह तक बंदी बनाकर रखा। आरोप है कि तीनों युवक पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी देते थे और पीड़िता से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर भी करवाए गए। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई। एक सप्ताह पूर्व पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर अपने गांव पहुंची और अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि युवती के द्वारा गौरव नाम के युवक से आर्य समाज मंदिर में शादी कर रखी है। शादी के प्रमाण भी मौजूद है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने अधेड़ को मारी टक्कर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी चाना क्षेत्र स्थित लोनी गाजियाबाद रोड पर निजी स्कूल के सामने 19 जुलाई सुबह तेज रफ्तार बाइक सवार ने अधेड़ को टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक बाइक समेत फरार हो गया। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अंकुर विहार थाना क्षेत्र निवासी विमल कुमार के ससुर पवन कुमार को 19 जुलाई सुबह सात बजे टीला शहबाजपुर गांव के पास पीछे से तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के समय यह पैदल निजी स्कूल के सामने से जा रहे थे। घटना को अंजाम देने के बाद पालक बाइक समेत फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने परिजन को सूचना देकर अधेड़ को अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन ने घायल को ओखला स्थित ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पीड़ित के परिजन की शिकायत पर घटना के नौ दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय नृत्य प्रतियोगिता

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतर सदनीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से किया जाता है। गतिविधियों नृत्य एक कला है। जो, शारीरिक गहिरि के से भावनाओं एवं विचारी अभिव्यक्त करता है। इस प्रतियोगिता का संचालन भामा सदन किया गया। चारों सदनों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत विषयों का चयन किया गया। तत्पश्चात अर्जुन सदन कार्यक्रम का प्रारंभ भामा सदन द्वारा ओलंपिक एवं एशियाई खेलों की गाथा से किया द्वारा जय जवान, किसान, जय विज्ञान सेहरू सदन द्वारा ऑपरेशन सिंदूर तथा अंत में चा द्वारा झाँसी की बीरागंना महारानी लक्ष्मीबाई गाया से की गई । समस्त सुर की प्रस्तुति ने सारे सभागार को तालियों से गूंजा दिया। सभी सदनों की प्रस्तुति प्रशंसनीय थी। इस प्रतियोगिता में चाणक्य सदन प्रथम नेहरू सदन द्वितीय अर्जुन सदन तृतीय एवं भाभा सदन नैचतुर्य स्थान प्राप्त किया। सभी छात्रों को प्रमाणपत्र एवं पदको द्वारा सम्मानित किया गया सभी सदनों ने अपने नृत्यू को विद्यालय की वेशभूषा के साथ-साथ नृत्य से संबंधित नवोन्मेषि सहायक साम्राग्रियों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक बना दिया। जिसे देखकर सभागार में उपस्थित सभी दर्शक स्तब्ध रह गए। नृत्यों में चयनित देश भक्ति के गीतों की स्वरलहरी ने सभी को रोमांचित एवं मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन श्रीमती अंशु द्वारा बड़ी ही कुशलता के साथ किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य वी. के. राणा एवं उपप्रधानाचार्या डॉ. गुरमीत गुप्ता के संरक्षण में सफलता-पूर्वक संपन्न हुआ।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** उमेश कुमार मोदी ग्रुप द्वारा पुर्ननिर्मित मोदी आर्क इलेक्ट्रोड्स कम्पनी, मोदीनगर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मोदीनगर एवं यथार्थ हॉस्पीटल, नोएडा द्वारा संयुक्त रूप से कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें फैक्टरी के 200 कर्मचारियों ने भाग लिया तथा उनका ई०सी०जी, बी०पी शुगर व फैफडों, सी०ओ०पी०डी०/पी०एफ०टी आदि का परीक्षण किया गया और बीमारियों के आधार पर दवाईयों वितरित की गयी। इस ₹ स्वास्थ्य जाँच शिविर ₹ में ई०एस०आई० हॉस्पीटल, मोदीनगर से डॉ० सविता वर्मा, दीपाली श्रीवास्तव चीफ फर्मासिस्ट, श्री इन्द्रपाल सिंह फर्मासिस्ट, शिवम शर्मा - फर्मासिस्ट, गुरू प्रसाद फर्मासिस्ट, अंकुर कुमार, महीपाल-कर्मचारी एवं यथार्थ हॉस्पीटल, नोएडा से डा० गोविन्द्र सिंह, जीविन्दर खारी-सीनियर नर्सिंग स्टाफ, नेहा- सीनियर नर्सिंग स्टाफ, दिगविजय कुमार-सीनियर पी०एफ०टी०, मोनू - कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इस निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन कम्पनी के वाई० पी० सिंह-प्लांट हैड, राहुल कौशिक-एच०आर० हैड, अमर सिंह चौहान, सन्तोष कुमार सिंह व सुब्रत मुखर्जी के द्वारा किया।

## बिजली चोरी पर यूपीपीसीएल की करारी चोट, मुरादनगर में 21 लोग रंगे हाथों पकड़े गए

**गाजियाबाद।** मुरादनगर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की छापामार टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 उपभोक्ताओं को रंगे हाथों पकड ? में सफलता हासिल की है। निगम की ओर से चलाए जा रहे दो दिवसीय विशेष अभियान की शुरूआत नगरीय क्षेत्रों से की गई थी, जिसमें ईदगाह कॉलोनी और जलालपुर रोड मुख्य निशाने पर रहे। इस अभियान के तहत निगम की टीम ने 80 से अधिक घरों में औचक निरीक्षण किया। स्थानीय अवर अभियंता (जेई) के नेतृत्व में गठित टीम ने जब बिजली चोरी कर रहे घरों में छापा मारा तो कई लोग मौके से अपने घर और दुकानें बंद कर भाग निकले। हालांकि, टीम ने 21 उपभोक्ताओं को पकड़ लिया और उनके कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए।

# श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति ने तीज उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति रजि. द्वारा तीज उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विभा सिंघल व शालू गुप्ता ने सभी सखियों को टीका लगाकर व शालिनी गर्ग, सीमा गुप्ता, आशा गोयल व रीता दानी ने सभी सखियो के गजरे लगाकर किया। दीप प्रवज्जलन डा. सुधा तोमर( श्रम प्रर्वतन अधिकारी) व अनु तोमर ने समस्त बोर्ड सखियों के साथ मिलकर किया। प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत पटका पहनाकर व उपहार देकर अपने समस्त बोर्ड व नगर अध्यक्ष राधिका गुप्ता के साथ किया।वर्षा गुप्ता द्वारा सभी सखियो को हरियाली तीज के बधाइयाँ दी गयी तथा माँ पार्वती सभी के सुहाग की रक्षा करे ऐसी प्रार्थना करी गयी। सावन के मधुर गीत गा सुदेश गुप्ता,सीमा अग्रवाल अर्चना गुप्ता,पूनम बंसल रीतू प्रभा ,गरिमा सिंघल शिवानी ,रिचा गर्ग व सोनाक्षी ने कार्यक्रम का आरम्भ किया। शालिनी बंसल राधिका गुप्ता निधि पूजा सिंघल प्रीति सिंघल,नीरू माहेश्वरी, मोनिका जैन, मोनिका गर्ग, रश्मि माहेश्वरी प्रिंयका मोदी हर्षिता गर्ग शालिनी गोयल रजनी मित्तल,एकता अग्रवाल, शानु अग्रवाल, कल्पना गुप्ता, रूबी गुप्ता, निशा अग्रवाल, रीमा अग्रवाल, नैना अग्रवाल, रीतू जैन, ज्योति गुप्ता, मनीषा मित्तल, कल्पना गोयल,कविता गोयल,पूनम गर्ग, एकता अग्रवाल, राशि संघी ने सावन गीत गा खूब वाहवाही लुटी। नूति ने राजस्थानी ने मुख्य अतिथि डा. सुधा ने तीज का महत्व समझाया व बताया कि महिलाओं के लिए ये पर्व इतना खास क्यों है। उन्होंने संक्षेप मे अपने जीवन के संघर्ष को भी बताया साथ ही साथ यह भी बताया कि यदि आप को कोई काम नहीं आता तो ये मत समझिये कि आप कमजोर है। कार्यक्रम को समापन की तरफ ले जाने से पूर्व एक रैंप वॉक करायी गयी जिसमे प्रथम, द्वितीय, व तृतीय विजेता निकाले गये। प्रथम विजेता का ताज मानसी गुप्ता द्वितीय विजेता का ताज विभा सिघंल व तृतीय विजेता का ताज रीतू अग्रवाल को मुख्य अतिथि के द्वारा पहनाया गया।कार्यक्रम के अन्त मे नगर अध्यक्ष राधिका गुप्ता ने सभी का सफल कार्यक्रम मे सहभागिता हेतु आभार प्रकट किया ।



# एसीईओ सुमित यादव की कप्तानी में वर्क सर्किल 3, बिसरख के अवैध निर्माण पर ग्रेनो प्राधिकरण का चला बुलडोजर

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर

- वर्क सर्किल 1 के छपरौला में सहारा और समतल में चिपयाना के अधिसूचित क्षेत्र में कब होगी ध्वस्तीकरण कार्यवाही
- करीब 8900 मीटर अर्जित जमीन को कराया अतिक्रमण से मुक्त
- जमीन की कीमत करीब 18 करोड रुपये होने का आकलन

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार शाम बिसरख एमनाबाद में अर्जित कब्जा प्राप्त जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई में 8900 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिसकी करीब 18 करोड रुपए कीमत होने का आकलन है। यह प्राधिकरण की अर्जित कब्जा प्राप्त जमीन है।

दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार को सूचना प्राप्त हुई कि बिसरख ऐमनाबाद के खसरा संख्या 225 में प्राधिकरण की अर्जित कब्जा प्राप्त जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है। सीईओ के निर्देश पर एसीईओ सुमित यादव ने वर्क सर्किल -3 की टीम से मौके पर जांच कराई, जिसमें सूचना सही मिलने पर बुधवार शाम को वर्क सर्किल तीन की टीम ने कार्रवाई की। अतिक्रमण करने वालों ने मौके पर आरएमसी प्लांट लगा रखा था और चारदीवारी कर रखी थी। साथ ही कुछ कमरे बनाने की फिराक में थे। वर्क सर्किल-3 के प्रभारी राजेश कुमार निम के नेतृत्व में मैनेजर रोहित गुप्ता व टीम ने मौके पर जाकर जेसीबी से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्राधिकरण की तरफ से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।









# नए जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर, श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में लिया आध्यात्मिक आशीर्वाद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद के नव नियुक्त जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर ने अपने कार्यकाल की शुरूआत आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से की। बुधवार को शहर आगमन के साथ ही उन्होंने सबसे पहले सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान दूधेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन किया और मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर ने भगवान दूधेश्वर का दर्शन कर जलाभिषेक व रुद्राभिषेक भी किया। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं और संतजनों ने उनके आगमन को शुभ माना। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने स्वयं उनका स्वागत किया और भविष्य में जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। 1988 में जयपुर, राजस्थान में जन्मे रविंद्र कुमार मंदार 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी प्रशासनिक सेवा के दौरान रामपुर, जौनपुर, फिरोजाबाद और आगरा जैसे जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। प्रयागराज में उनके कार्यकाल के दौरान 900 से अधिक तालाबों का निर्माण करवाकर जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

**मंदिर पहुंचना जिलाधिकारी की आध्यात्मिक आस्था और कर्मनिष्ठता का प्रतीक बना**

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने जिलाधिकारी के पिछले कार्यकालों की सराहना करते हुए कहा कि रवींद्र कुमार मंदर ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 जैसे महायोजना का सफल संचालन कर न सिर्फ प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विश्वास भी अर्जित किया। उन्होंने यह भी बताया कि मंदर का संपर्क जूना अखाड़े के शीर्ष संतों श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, श्रीमहंत मोहन भारती महाराज से भी आत्मीयता का है। श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के मीडिया प्रभारी एस. आर. सुथार ने बताया कि जिलाधिकारी रहते हुए रामपुर में मिशन समर्थ अभियान चलाकर उन्होंने 61 दिव्यांग बच्चों की सर्जरी करवाई। इसके अलावा 900 से अधिक तालाब खुदवाकर भूजल स्तर बढ़ाया और 40,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार दिलाकर समाजसेवा और प्रशासन का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। गाजियाबाद पहुंचने के बाद कोई औपचारिक कार्यालय दौरा या स्वागत नहीं, बल्कि सीधे मंदिर पहुंचना जिलाधिकारी की आध्यात्मिक आस्था और कर्मनिष्ठता का प्रतीक बना। इस कदम ने जनता में एक सकारात्मक संदेश दिया कि नया जिलाधिकारी केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक व सामाजिक मूल्यों के प्रति भी जागरूक है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम लोनीराजेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।







# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का गाजियाबाद दौरा, श्रद्धांजलि और संगठनात्मक संवाद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री अरुण सिंह जी आज गाजियाबाद पहुंचे। इस दौरान वे सबसे पहले मुरादनगर विधानसभा से विधायक श्री अजीत पाल त्यागी के लोहिया नगर स्थित आवास पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विधायक अजीत पाल त्यागी के पूज्य पिता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के पश्चात श्री अरुण सिंह ने भाजपा गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल के नेहरू नगर स्थित आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच संगठन की भावी योजनाओं,




स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों और जनसंपर्क अभियान को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

**इस अवसर पर अरुण सिंह ने कहा:** गाजियाबाद भाजपा संगठन कर्मठ नेतृत्व और अनुशासित कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूर्व मंत्री स्व. राजपाल त्यागी जी ने जनसेवा के जो मूल्य स्थापित किए, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। श्री मयंक गोयल जैसे ऊर्जावान महानगर अध्यक्ष से संवाद कर संगठन की जमीनी मजबूती का विश्वास और प्रगाढ़ हुआ है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने राष्ट्रीय महामंत्री का गाजियाबाद आगमन पर हार्दिक स्वागत किया और उन्हें धन्यवाद दिया कि उन्होंने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर संगठन के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया। यह दौरा न केवल श्रद्धांजलि अर्पण के भावपूर्ण क्षणों का साक्षी बना, बल्कि संगठनात्मक समर्पण और आत्मीय मार्गदर्शन का उदाहरण भी सिद्ध हुआ।

## फर्जी चालान लिंक बना पांच लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित करहेड़ा कॉलोनी में रहने वाले एक युवक के साथ साइबर ठगों ने चालाकी से जाल बिछाकर पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी कर डाली। आरोपी ने व्हाट्सएप पर ट्रैफिक चालान के नाम पर एक फर्जी लिंक भेजा, जो पीड़ित को इतना महंगा पड़ा कि उसकी सारी मेहनत की कमाई कुछ ही मिनटों में उड़ गई। पीड़ित विकेश के पास एक ग्रैंड विटारा कार है। उनका कहना है कि 23 जुलाई को उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें एक यातायात एप का चालान लिंक जोड़ा गया था। लिंक खोलते ही उन्हें एक खाली फोल्डर नजर आया, जिससे उन्हें शक हुआ और उन्होंने $फौरन फोन बंद कर दिया। हालांकि, अगली सुबह उनके मोबाइल पर अचानक ओटीपी और चार लाख रुपये की डेबिट का मैसेज आया, जिससे वह हतप्रभ रह गए।

# 45 लाख के 211 मोबाइल की बरामदगी, मोबाइल लौटने पर नागरिकों की आंखों में चमक, दिल में सम्मान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट के सिटी जोन में पुलिस ने एक बड़ी और सराहनीय सफलता हासिल करते हुए चोरी और गुमशुदा मोबाइल फोनों की भारी मात्रा में बरामदगी की है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के नेतृत्व में चलाए गए इस संयुक्त अभियान में सर्विलांस सेल, स्वाट टीम और विभिन्न थानों की टीमों ने बेहतरीन तालमेल और तकनीकी दक्षता के दम पर कुल 211 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये है। थाना कोतवाली नगर- 68, थाना विजयनगर- 24, थाना सिहानीगेट- 36, थाना नंदग्राम- 34, थाना कविनगर -15, थाना मधुबन बापूधाम -24, थाना साइबर- 10 कुल 211 मोबाइल विभिन्न कंपनियों के बरामद हुए। जिन्हें बुधवार को डीसीपी सिटी ने लोगों को वापस



लौटाया। यह महज एक बरामदगी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की पुनर्स्थापना है। मोबाइल फोन, जो आज के समय में सिर्फ एक संचार उपकरण नहीं बल्कि व्यक्ति की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी यादों, भावनाओं और कार्यों का केंद्र होता है, उसका खो जाना एक बड़ी क्षति की तरह होता है। डीसीपी सिटी की टीम ने यह साबित कर दिया कि समर्पण, तकनीक और ईमानदार प्रयासों के जरिए खोई हुई उम्मीदों को भी वापस लाया जा सकता है। इस अभियान में तकनीकी निगरानी का भरपूर उपयोग किया गया। सर्विलांस टीमों ने आईएमईआई नंबर की मदद से गुम हुए और चोरी गए मोबाइलों की लोकेशन को ट्रैक किया, मैनुअल इनपुट्स और डिजिटल डेटा विश्लेषण के जरिए उनका पता लगाया गया। एक-एक केस की बारीकी से जांच की गई और हर मोबाइल को उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और सावधानी के साथ कार्य किया गया। यह पुलिस के लिए तकनीकी दक्षता और मानवता दोनों की परीक्षा थी, जिसमें वे पूरे नंबरों के साथ पास हुए। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने इस अभियान को केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज में जनविश्वास बहाली की दिशा में एक अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ अपराध रोकना नहीं, बल्कि जनता का भरोसा कायम रखना भी है। चोरी या गुम हुए मोबाइल को वापस लाना एक आम आदमी के लिए असंभव जैसा लगता है, लेकिन पुलिस ने यह कर दिखाया और यह भी जताया कि वह जनता की सेवा के लिए हर समय तत्पर है। बुधवार को मोबाइल पाकर नागरिकों की आंखों में खुशी साफ नजर आई।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय किसान दिवस की बैठक हुई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की विस्तार से जानकारी कृषकों को दी गई। श्री विकास कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया, जिसमें गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी हो धन्यवाद प्रेषित किया। कुछ शिकायतों के सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी



महोदय द्वारा संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर कृषक एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद को आख्या उपलब्ध करायें। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता मुरादनगर उपस्थित रहे परन्तु अधीक्षण अभियन्ता की उपस्थिति न होने के कारण उनका स्पष्टीकरण मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा चाहा गया है, साथ ही निर्देशित किया गया है कि जिन विभागो की शिकायतो की निस्तारण आख्या अप्राप्त है, उनके द्वारा तत्काल शिकायतो की निस्तारण आख्या व फोटोग्राफ उप कृषि निदेशक कार्यालया में उपलब्ध कराई जाये। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी श्री मनोज नागर, श्री बिजेन्द्र तोमर, श्री राजवीर सिंह, आदि कृषकों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय को शिकायतो के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। किसान दिवस में विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रतिनिधि अपर नगर आयुक्त, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, लोक निर्माण, सिंचाई के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में लगभग 150 कृषकों तथा सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।